हरिभूमि
रायपुर भूमि



### एक्सप्रेस अंडरब्रिज में भरा पानी

लगातार हो रही बारिश के पानी से शहर के एक्सप्रेस वे अंडरब्रिज में भी जलभराव की स्थिति कई घंटों तक बनी रही। हरिभूमि की टीम ने बारिश गिरने के दौरान शहर के कई इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास बने एक्सप्रेस वे अंडरब्रिज में 4 फीट तक बारिश का पानी भरा रहा, जिससे यहां से गुजरने वाली गाड़ियां भी जलभराव में फंसती रहीं। यहां पानी सुबह करीब 11 बजे तक भरा रहा। इसके बाद धीरे-धीरे पानी कम होता गया, जिसके बाद गाड़ियां गुजरने लगीं।

# दहलीज से लेकर किचन तक घुसा नाले का पानी, कई घरों में चूल्हे नहीं जले

### प्रोफेसर कालोनी के 5 सेक्टर का बुरा हाल, शीतला कालोनी बंजारी नगर, आदिवासी कालोनी कुशालपुर में जलभराव

**प्रोफेसर कालोनी, शीतला कालोनी के गली नंबर 1 से 4 तक खस्ता हाल स्थिति**

वामनराव लाखे वार्ड स्थित प्रोफेसर कालोनी, शीतला कालोनी, तरुण नगर, तुलसी नगर, आदिवासी कालोनी कुशालापुर, तुलसी नगर, बंजारी नगर, आलमारी कारखाना गली में सुबह से लेकर दोपहर तक तेज बारिश के कारण सड़क और गली में घुटनों तक पानी भरा रहा। जलभराव से त्रस्त रहवासियों ने वार्ड शेष पेज 16 पर

**मल्टीलेवल पार्किंग हुआ पानी-पानी गुढ़ियारी स्टेशन में जलभराव**

नगर निगम की पुराना बसस्टैंड स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के बेसमेंट में बारिश का गंदा पानी भरने से लोग परेशान रहे। यही हाल निगम मुख्यालय के बेसमेंट पार्किंग का रहा, जहां पानी निकासी की व्यवस्था लचर होने से हर बार ये स्थिति बनती है। कालीमाता वार्ड के राजीव नगर में एटीएम के पास लबालब पानी भरा रहा।

श्री शंकराचार्य कॉलेज आॅफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

- सड़क से लेकर गलियों तक पानी-पानी निगम की तैयारियों की खुली पोल
- चंगोराभाठा के ओवरब्रिज के पास सर्विस रोड में पानी भरा, आने-जाने वाले परेशान
- व्हाइटवुड इटालिया महादेवघाट रोड भाठागांव रोड में तालाब सा नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में शनिवार को सुबह से हो रही झमाझम बारिश से शहर के कई इलाकों की सड़कें डूब गईं। दर्जनों इलाकों में नाले का गंदा पानी तेज प्रवाह के साथ लोगों के घरों की दहलीज से होकर बरामदा होते हुए किचन और बेडरूम तक भर गया। इसकी वजह से कई घरों में चूल्हे नहीं जले। कुछ परिवार ऐसे भी रहे, जो जलभराव से उत्पन्न विकट स्थिति को भांपते हुए घर में ताला लगाकर परिवार के साथ परिजनों के यहां चले गये। प्रोफेसर कालोनी के गली नंबर 1 से लेकर और 15 नंबर की गली का बुरा हाल रहा। चिंगरी नाले का शेष पेज 16 पर



### आमानाका अंडरब्रिज बना झरना

आमानाका अंडरब्रिज में कई जगह पर दीवारें तड़क चुकी हैं, जिससे इन दीवारों से बारिश की मोटी धारें झरने की तरह ब्रिज के अंदर गिर रही हैं। इन दरारों के कारण अंडरब्रिज की दीवार लगातार कमजोर होती जा रही है। इन दरारों को देखने से लगता है कि दीवार कभी भी गिर सकती है, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों में खौफ भी देखा जा रहा है। यहां से गुजरने वाले कुछ लोगों ने बताया कि ब्रिज को बने कई साल हो चुके हैं, लेकिन इसका मेंटनेंस नहीं किया जा रहा है।

### केनाल रोड का ओवरफ्लो 3 बस्तियों में

संत रामदास वार्ड के कलिंग नगर, भरतनगर और छोटा रामनगर बस्ती में केनाल रोड का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर गलियों से होते हुए लोगों के घरों तक जा पहुंचा। इससे रहवासी परेशान रहे। गंदगी और कीचड़ के बीच उन्हें घंटों रहना पड़ा। पार्षद भोलाराम साहू ने बताया कि केनाल रोड में एक अतिरिक्त पाइप डालने से जलभराव की समस्या दूर हो सकती है, पर जोन स्तर पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।



### पचपेड़ी नाका के पास अंडरब्रिज में भरा पानी

पचपेड़ी नाका से राजेंद्र नगर तक बने ओवरब्रिज के बीच में अरिहंत काम्पलेक्स के पास बने अंडरब्रिज में भी बारिश का पानी भर गया था, जिससे यहां से गुजरने वाली गाड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां भी कई घंटों तक पानी भरा रहा।

# नर्सों के बिना कराई थी डिलीवरी, नवजात की मौत

## डाक्टर के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आपसी खींचतान की वजह से प्रसूता की गंभीर स्थिति होने के बावजूद डिलीवरी के दौरान नर्सों का सहयोग नहीं लेने वाली महिला चिकित्सक के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत हो गई थी। महीनेभर पहले उरला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई इस घटना में महिला डाक्टर पूनम सरकार को विभाग बर्खास्त कर चुका है।

उरला इलाके में रहने वाले संतोष साहू ने 2 जुलाई को नवजात की मौत के मामले में डाक्टर पूनम सरकार को दोषी मानते हुए शिकायत थाने शेष पेज 16 पर



- नवजात की मौत का मामला, बर्खास्त कर चुका स्वास्थ्य विभाग

**मामले में होगी गिरफ्तारी**

इस मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस अपने स्तर पर इन्वेस्टीगेशन करने के बाद डाक्टर की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

- बीएल चंद्राकर
थाना प्रभारी उरला

# दिसंबर तक राजधानी में पहुंचेगी 40 ई बस की पहली खेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहरवासियों को ईको फ्रेंडली पब्लिक ट्रांसपोर्ट की किफायती दर पर सेवा उपलब्ध कराने नए साल से ई बसें फर्राटे भरेंगी। दिसंबर तक 40 ई बसों की पहली खेप राजधानी पहुंचेगी, बाकी की 60 बसें दूसरी खेप में उपलब्ध होंगी। केन्द्र सरकार की पीएम ई बस योजना के तहत शहर को इस तरह की 100 ई बसें मिलेंगी। इन बसों के लिए रायपुर नगर निगम आमानाका और पंडरी के पुराने बसस्टैंड में सिटी बस डिपो बना रहा है। इन बसों के लिए नए रूट का सर्वे के लिए एजेंसी तय करने जल्द टेंडर किया जायेगा। दरअसल मेट्रो शेष पेज 16 पर

- केन्द्र सरकार की पीएम ई बस योजना, रायपुर के लिए 100 बसों की मिली है मंजूरी



**16 चिन्हांकित रूट इस तरह**

- रायपुर रेलवे स्टेशन से पंडरी बसस्टैंड, अवंति चौक से मोवा होते जीरो पाइंट विधानसभा, दोंदे, खरोरा।
- रेलवे स्टेशन से फाफाडीह और फाफाडीह से सिलयारी स्टेशन।
- रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट, एयरपोर्ट से टाटीबंध चौक, भिलाई, दुर्ग रेलवे स्टेशन।
- रायपुर रेलवे स्टेशन से तेलघानी नाका, शेष पेज 16 पर

# रायपुर से अभनपुर तक ट्रेन की मिल सकती है सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रेलवे बोर्ड दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्रियों को ट्रेन की नई सौगात देने की तैयारी में है। रेलवे विभिन्न जोन में नई ट्रेन की सुविधा शुरू कर रहा है। मंडल के अधिकारियों का भी कहना है कि 15 अगस्त को बड़ी घोषणा हो सकती है। संभावना है कि रायपुर से अभनपुर तक ट्रेन का परिचालन रेलवे शुरू कर सकता है। बता दें कि केंद्री रेलवे स्टेशन एक साल से बनकर तैयार है। सीबीडी स्टेशन और अभनपुर तक पटरियों और स्टेशन का शेष पेज 16 पर

- 15 अगस्त के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को लेकर रेलवे बोर्ड कर सकता है बड़ी घोषणा



**केंद्री में खड़ी हुई एलएचबी कोच की नए रैक**

नए ट्रेनों की सुविधा मिलने की संभावनाओं के बीच केंद्री स्टेशन में 18 कोच एलएचबी कोच की नए रैक खड़ी हो चुकी है। कोच में ट्रेन का नाम नहीं लिखा हुआ है। मंडल के अधिकारी फिलहाल इस कोच को लेकर कोई जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक रेलवे नए ट्रेन के परिचालन में इस कोच का इस्तेमाल कर शेष पेज 16 पर

RK GROUP
म हा से ल
SALE
महासेल सिर्फ़ 2 दिनों के लिए
4 & 5 AUG. 2024 SUNDAY & MONDAY
BRANDED GARMENTS, FOOTWEAR & HOME DECOR
BIGGEST EXHIBITION FOR 2 DAYS
UPTO 90% OFF
महासेल सिर्फ़ 2 दिनों के लिए रविवार और सोमवार, 5 स्टार होटल बेबीलोन केपिटल, वी.आई.पी. चौक, रायपुर
HOTEL BABYLON CAPITAL VIP CHOWK, BEHIND OSWAL PETROL PUMP, VIP ROAD, RAIPUR
National & International Brand 8000/-, 10000/- 15000/- तक के गारमेंट्स मात्र 800/-, 1200/-, 1500/- में उपलब्ध रहेंगे।
MENS WEAR
SUMMER - JEANS, SHIRT, T-SHIRT, TROUSER, LOWER SHORTS, KURTA, PAJAMA, SHERVANI, KOTI, BLAZER — जिनकी कीमत ₹2000 रूपये से ₹ 20,000 रूपये तक है वो इस महासेल में ₹250 से ₹750 एवं ₹1200 से ₹3000 में उपलब्ध
GIRLS & LADIES WEAR
SUMMER - TOP, KURTI, PLAZO, JEANS, SHIRT, T-SHIRT, TROUSER, LOWER, SHORTS & LEGGINGS, ONE PIECE, PARTY WEAR SUIT — जिनकी कीमत ₹1000 रूपये से ₹7,000 रूपये तक है वो इस महासेल में ₹100 से ₹299 एवं ₹400 से ₹850 में उपलब्ध
KIDS WEAR
SUMMER JEANS, SHIRT, T-SHIRT, TROUSER, LOWER, FROK, SHORT'S & MUCH MORE... — जिनकी कीमत ₹1000 रूपये से ₹5,000 रूपये तक है वो इस महासेल में ₹299 से ₹ 499 में उपलब्ध
BRANDED FOOTWEAR
GENTS LADIES KIDS - SPORTS SHOE, LEATHER SHOE, TREKKING SHOES, SANDALS, SLEEPER, BELLY — जिनकी कीमत ₹1000 रूपये से ₹5,000 रूपये तक है वो इस महासेल में ₹350 से ₹ 999 में उपलब्ध
HOME DECOR AND SPECIAL COUNTER
LADIES PURSE, LADIES DESIGNER BAGS, TOWEL'S, CURTAINS, COMFORTER, IMPORTED BED SHEET, WALLET, BELT, SCHOOL BAG, OFFICE BAG, DOORMAT, GOGGLES, PERFUME & MUCH MORE. — जिनकी कीमत ₹1000 रूपये से ₹7,500 रूपये तक है वो इस महासेल में ₹250 से शुरू...
स्थान - होटल बेबीलोन केपिटल
वी.आई.पी. चौक, ओसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, वी.आई.पी. चौक, रायपुर
हमारे एक्जीविशन एवं नये स्टॉक की जानकारी हेतु हमारे इंस्टाग्राम पेज को फॉलो करें :
THEBRANDEDSTOREINDIA
कोई एंट्री फीस नहीं, कोई पार्किंग चार्ज नहीं | समय : सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक | महासेल : 4 एवं 5 अगस्त 2024 सिर्फ 2 दिनों के लिए
नोट : 1. कंपनियों के दबाव के कारण हम सभी पोडेक्ट के ब्रांड के नाम न्यूज पेपर में प्रकाशित नहीं कर सकते। 2. रायपुर की जनता से निवेदन है कि हम बिक्री को किसी भी हालत में मिस ना करें। 3. हमारा दावा है कि इस बिक्री के बाद कभी भी इतने बड़े ब्राण्ड इतने सस्ते खरीदने को नहीं मिलेंगे। 4. जिस काऊंटर का स्टॉक खत्म हो जाएगा वो काऊन्टर तुरंत बंद कर दिया जायेगा। 5. कृपया हॉल में शांति बनाएं रखें।
*Terms & Condition Apply ALL MAJOR DEBIT & CREDIT CARD ACCEPTED

# 15 अगस्त के बाद कांग्रेस करेगी निकायों में सम्मेलन, जल्द जारी होंगे प्रभारियों के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी में जुट गई है। 15 अगस्त के बाद प्रदेश के सभी निकायों में सम्मेलन होगा। इसमें सभी निगमों, पालिकाओं, नगर पंचायतों को शामिल किया गया है। प्रदेश कांग्रेस जल्द ही इसके लिए प्रभारियों की नियुक्ति करेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी जिला अध्यक्षों को चुनाव की तैयारियों में जुटने के निर्देश जारी किए हैं।

प्रदेश में कांग्रेस ने पिछले निकाय चुनाव में अच्छी सफलता हासिल की थी। कांग्रेस के उसी प्रदर्शन को दोहराने प्रदेश अध्यक्ष स्वयं इन सम्मेलनों में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी चुनावों के लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया है। आगामी नवंबर में होने वाले नगरीय नकायों के महापौर और नगर पालिका, नगर पंचायतों अध्यक्ष तथा जनपद पंचायत अध्यक्षों पर फोकस होगा। कांग्रेस ने उसके पूर्व ही सभी बूथ, जोन और सेक्टर कमेटियों को सक्रिय कर वहां पर राजनीतिक गतिविधियों को बढ़ाने पर जोर दिया है। चुनाव के ढाई माह पूर्व सभी निकायों में संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए निकाय सम्मेलन के माध्यम से लोगों के बीच पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। बताया जाता है कि राज्य सरकार इस बार इन चुनावों की प्रक्रिया में परिवर्तन कर सीधे महापौर और अध्यक्ष चुनने का निर्णय ले सकती है। ऐसे में यह और महत्वपूर्ण होगा।

## दिल्ली दौरे पर बैज, संगठन के नामों पर लगेगी मुहर

### दिल्ली गए बैज, संगठन की सूची जल्द

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश संगठन में बदलाव के संकेत दिए है। यहां पर डेढ़ दर्जन से अधिक जिला अध्यक्ष बदले जाएंगे। वहीं प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की जाएगी। सभी की सूची तैयार कर एआईसीसी से मंजूरी लेने के बाद नामों का ऐलान होगा। वे इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं, जहां प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मिलकर इन नामों पर सहमति लेंगे। बताया जाता है कि संगठन में सक्रिय और उर्जावान लोगों को शामिल किए जाएगा। निष्क्रिय लोगों को पिछले चुनाव के परफार्मेंस के आधार पर बदला जाएगा।




### निकाय चुनाव के पहले होगा बदलाव

नगरीय निकाय चुनाव से पहले ब्लाक स्तर से लेकर जिलाध्यक्ष व प्रदेश स्तर के संगठन में बदलाव के संकेत मिले हैं। जुलाई माह में कांग्रेस के सीनियर नेताओं के साथ बैठक हुई जिसमें संगठन स्तर पर रणनीति, नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां व आवश्यक बदलाव पर चर्चा की गई। विधानसभा और लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस निकाय चुनावों के माध्यम से वापसी के लिए रणनीति तैयार की थी। संगठन उस रणनीति के तहत सभी जिलों में लगातार काम कर रही है। बैठकों के बाद पीसीसी अध्यक्ष ने जो सूची तैयार की है उनमें डेढ़ दर्जन से अधिक जिला अध्यक्षों का बदला जाना तय है। नए जिला अध्यक्ष को लेकर ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर के सक्रिय लोगों को लाने की तैयारी है।

## खबर संक्षेप



### सीएम साय को छात्र ने भेंट की पोर्ट्रेट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आरंग में आयोजित आश्रम छात्रावास लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान नौवीं कक्षा के छात्र हर्ष गिलहरे ने अपने हाथों से बनाई स्केच पोर्ट्रेट भेंट की। हर्ष की भेंट पाकर मुख्यमंत्री ने उसे शुभाशीर्वाद दिया और उसे मन लगाकर पढ़ाई करने की समझाइश दी। मुख्यमंत्री ने हर्ष से कहा कि उसके पास केवल एक पेंसिल से किसी की हू-ब-हू तस्वीर बनाने (स्केच) बनाने का अनूठा हुनर है और खूब अभ्यास कर इसे निखारना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रैक्टिस से परफेक्शन आता है, उसकी बारीकियां पता चलती हैं। लगातार प्रैक्टिस करके वो एक अच्छा स्केचमेकर बनकर देश-दुनिया में अपना और अपने प्रदेश का नाम रोशन कर सकता है। हर्ष गिलहरे रायपुर के डीडीनगर स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में कक्षा नौवीं का छात्र है।

### कृषि मंत्री नेताम ने दी हरेली तिहार की बधाई



**रायपुर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रोद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने 4 अगस्त को मनाए जा रहे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाले हरेली त्योहार का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस दिन किसान भाई नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते हैं, जो हमारे कृषि प्रधान संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हरेली पर्व का महत्व धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे की महत्ता को भी प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री नेताम ने नागरिकों एवं किसानों की खुशहाली की कामना की है।

### जेसीआई वामा कैपिटल का कपल ट्रेनिंग प्रोग्राम

JCI

**रायपुर।** जेसीआई वामा कैपिटल द्वारा रविवार को एक दिवसीय 'कपल ट्रेनिंग प्रोग्राम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.30 बजे से होगी, जिसका समापन शाम 5 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जोन प्रेसिडेंट आकाश सुंदरानी शामिल होंगे। कार्यशाला के दौरान जोन ऑफिसर नीलम सराफ, पीपीपी जेएफआर राजेश अग्रवाल, शिल्पा काबरा, चंचल पलसानिया, दीया मूलचंदानी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वक्ता द्वारा लगभग 30 कपल को ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें सही लाइफ स्टाइल, व्यवहार जैसे अनेक विषयों को शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम वीआईपी रोड स्थित मधुबन फार्म में आयोजित है।

## नितिन नवीन ने कहा- सभी से नगरीय निकाय चुनाव के लिए अभी से जुटने के लिए कहा

# प्रभारी मंत्री अब जिलों में एक दिन जनता और कार्यकर्ताओं की सुनेंगे समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के सहायता केंद्र में सप्ताह में पांच दिनों तक तो जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुन रहे हैं, अब जिलों के प्रभारी मंत्रियों को भी जिलों में एक दिन इसी तरह से जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनने के लिए कहा गया है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने शनिवार को प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक में नगरीय निकाय चुनावों में अभी से जुटने के लिए कहा है। बैठक में संगठन के कई कार्यक्रम भी तय किए गए। बैठक में श्री नवीन ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सभी से चर्चा की और सभी से कहा, इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में विधानसभा और लोकसभा की तरह कमल खिलाने का काम करना है। सभी को उसी तरह से मेहनत करनी है जैसे पिछले दो चुनाव में मेहनत की गई है।




### हर घर तिरंगा सहित कई कार्यक्रम तय

बैठक में तय किया गया 11 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा की अग्रणी भूमिका हो। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक घर एवं व्यावसायिक केन्द्रों पर हर घर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बैठक में कहा, 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आस-पास स्वच्छता का अभियान चलाएं। 13 से 15 अगस्त तक महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण करें। श्री देव ने कहा, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। भारत का विभाजन तथा अभूतपूर्व मानव विस्थापन एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी है। इस अवसर पर संगोष्ठी, सम्मेलन करते हुए विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम रखा जाएगा। सभी कार्यक्रमों की तैयारी और सफल आयोजन के लिए 8 से 10 अगस्त तक जिला एवं मंडल स्तर पर बैठकें होंगीं। श्री देव ने बताया, राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सभी डाकघरों के साथ-साथ अन्य बिक्री केन्द्रों पर रहेगी। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की और कहा कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यक्रमों और हर घर तिरंगा अभियान को हमें बूथ स्तर तक जाकर सफल बनाना है। हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश संयोजक संजय श्रीवास्तव, विभाजन विभीषिका दिवस के कार्यक्रमों के संयोजक अनुराग सिंह देव, एक पेड़ मां के नाम के विषय पर सरला कोसरिया,लक्ष्मी वर्मा ने विस्तार से जानकारी रखी।

### सभी मंत्री भी जुटेंगे कार्यक्रमों में

बैठकों के बाद प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया, एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को तेज गति देने के लिए सभी मंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्र के साथ प्रदेश भर में जुटने के लिए कहा गया है। हर घर तिरंगा अभियान में भी मंत्रियों की सहभागिता रहेगी। संगठन के कार्यक्रम बैठकों में तय किए गए हैं।

### ये रहे उपस्थित

बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने किया एवं आभार प्रदेश महामंत्री राम जी भारती ने किया। बैठक में मंत्री लखन लाल देवांगन, शिवरतन शर्मा, निर्मल सिन्हा, मधुसूदन यादव, सरला कोसरिया, उद्धेश्वरी पैकरा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव,भरत लाल वर्मा, नंदन जैन, प्रबल प्रताप सिंह, अवधेश चंदेल, विकास महतो, ओजस्वी मंडावी, श्यामबाई साहू, नरेश गुप्ता, रजनीश शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत, संदीप शर्मा, रंजना साहू, अनुराग सिंहदेव, केदार गुप्ता, देवलाल ठाकुर, दीपक म्हस्के, अमित साहू, नलिनीश ठोकने, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, शालिनी राजपूत, राकेश चंद्राकर, विकास मरकाम, नवीन मार्कंडेय, सौरभ सिंह, जगन्नाथ पाणिग्रही सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लगातार बारिश के बीच हुआ 1370 बच्चों का स्वर्णप्राशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार बारिश के बीच शनिवार को शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में 1370 बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया। पुष्य नक्षत्र पर होने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में माता-पिता अपने बच्चों को लेकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे। बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235 बच्चों, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720 बच्चों, 16 अप्रैल को 1410 बच्चों, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802 और 8 जुलाई को 1342 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

■ आयुर्वेद चिकित्सालय में पुष्य नक्षत्र पर आयोजन

# डिप्टी सीएम शर्मा के सामने स्टील उद्योग ने रखा अपना पक्ष

### आज तकनीकी अधिकारियों के साथ फिर होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्टील उद्योगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मिलकर उनके सामने अपनी परेशानी और अपना पक्ष रखा है। अब एक बार फिर से तकनीकी अधिकारियों के साथ स्टील उद्योग के प्रतिनिधियों की चर्चा होगी। इसके बाद प्रदेश सरकार की तरफ से कुछ फैसला होगा। मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के महासचिव मनीष घुप्पड़ ने बताया, फिलहाल स्टील उद्योग बंद हैं। प्रदेश सरकार से सार्थक चर्चा और किसी फैसले के बाद ही उद्योग प्रारंभ किए जाएंगे।

महंगी बिजली का हवाला देते हुए प्रदेशभर के स्टील उद्योगों ने सोमवार की रात से अपने उद्योग बंद कर दिए हैं। इसके बाद एक बार उद्योगों की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा हो चुकी है, लेकिन इसमें कोई फैसला नहीं हो सका। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ दो अगस्त को एक बार फिर से बैठक होने वाली थी, लेकिन यह बैठक नहीं हो सकी।

इसके बाद शनिवार को डिप्टी सीएम विजय शर्मा के साथ उद्योगों की बैठक हुई। इसमें डिप्टी सीएम को उद्योगों के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी समस्या बताई। कुछ तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी, जिसकी वजह से अब एक बार तकनीकी जानकार अधिकारियों के साथ रविवार को फिर से बैठक होगी।

# बारिश से धान फसल को कोई नुकसान नहीं, लग चुकी अन्य फसलों को भी फायदा, किसान पानी निकासी का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सावन महीने में पहली बार लगातार पिछले दो सप्ताह से बारिश हो रही है। यह बारिश सब्जियों में कुछ प्रकार की फसलों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार की फसलों के लिए लाभदायक है। हरिभूमि ने प्रदेश में लगातार हो रही बारिश का धान सहित अन्य फसलों पर कैसा असर पड़ेगा, इसे लेकर कृषि विशेषज्ञों से बातचीत की। इस बातचीत में पता चला कि बारिश अगर आगामी सप्ताहभर तक और भी जारी रही, तो इससे फसलों को नुकसान नहीं है। बारिश से सबसे ज्यादा धान फसल को लाभ होगा। अन्य फसलों को भी बारिश से नुकसान नहीं है, अगर किसान फसल लगे खेतों में पानी का भराव होने से बचा सकें। इसके लिए किसानों को खेतों में पानी निकासी की व्यवस्था रखनी होगी, क्योंकि खेतों में ज्यादा पानी का भराव होने पर ही फसलों को नुकसान हो सकता है।

हरिभूमि ने लगातार बारिश से फसलों पर कृषि विशेषज्ञों से की बात



### कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव से बचें

कृषि वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इस बार अच्छी बारिश हुई है और आगामी कुछ दिनों में मौसम खुल जाएगा, जिसके बाद धूप फसलों पर पड़ेगी। इस दौरान किसान बिल्कुल कीटनाशक दवाइयों का छिड़कांव नहीं करें। ऐसा करने से फसलों को नुकसान होगा।

### फलों की फसलों को फायदा, कुछ सब्जियों पर पड़ सकता है असर

वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इस बारिश से सब्जियों और फलों की फसलों को भी फायदा है। उन्होंने कहा कि फलों की फसल जमीन से काफी ऊपर होती है, इसलिए फलों की फसलों को बारिश से कोई नुकसान नहीं है। हालांकि सब्जियों में कुछ ऐसी सब्जियों की फसल पर लगातार बारिश का असर पड़ सकता है, जिन्हें लगाए तीन-चार दिन ही हुआ हो। लगातार बारिश के कारण नए पौधे गलने लगते हैं, जिससे फसलों को नुकसान होगा।

### धान सहित रागी, कोदो, अरहर, मूंग फसलों के लिए बारिश वरदान

कृषि विशेषज्ञों ने कहा कि लगातार हो रही बारिश कृषि से संबंधित फसल जैसे धान, रागी, कोदो, अरहर, मूंग आदि फसलों के लिए वरदान है। जितनी ज्यादा बारिश होगी, उतनी ज्यादा अच्छी फसल होगी। उन्होंने कहा कि किसान बारिश होने के साथ खेतों में रोपा का काम कर रहे हैं। रोपा की अभी शुरुआत हुई है। जितनी बारिश होगी, रोपा के लिए अच्छी साबित होगी। हालांकि इसके लिए किसानों को सजग रहने की भी जरूरत है कि खेतों में ज्यादा जलभराव की स्थिति न बने और पानी की निकासी होती रहे।

### पानी निकासी नहीं होने से दिक्कत

लगातार हो रही बारिश सभी प्रकार की फसलों के लिए अच्छी है। किसानों को रखना होगा ध्यान खेत में पानी का भराव न हो, लगातार निकासी होती रहे।

- डा. जीके दास, कृषि विशेषज्ञ
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय

### धान सहित अन्य फसलों के लिए फायदेमंद

बारिश धान, सोयाबीन, कोदो, अरहर सहित अन्य फसलों के लिए फायदेमंद है। खेतों में पानी की निकासी होती रहे किसानों को इसका ध्यान करना होगा।

- आरके श्रीवास्तव
संयुक्त संचालक, कृषि विभाग

### धूप से फसलों को मिलती है मजबूती

लगातार बारिश से फसलों को नुकसान नहीं बल्कि फायदा है। अगर आने वाले दिनों में भी बदली छाए भी रहती है तो इससे नुकसान नहीं है। धूप फसलों को सिर्फ मजबूती देने का काम करती है। इसलिए धूप न निकलने तो भी फसलों को नुकसान होने की संभावना कम है।

- **केएस पैकरा**, उप संचालक
उद्यानिकी विभाग रायपुर

# प्रदेश की कानून व्यवस्था बदतर, रोज औसतन 3 हत्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, राजधानी रायपुर में औसतन रोज तीन हत्या हो रही है।

ऐसा कोई दिन नहीं होता जब एक दो घटनाये न होती हो, अपराधी इतने बेलगाम हो गये है कि सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर चाकू मार रहे पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है। पूरे प्रदेश में नागरिको को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाये बढ़ गयी। उन्होंने कहा, सात माह में प्रदेश में 500 से अधिक हत्याओं की घटना हो गयी है। 2000 से अधिक महिला अनाचार की घटनाये हुई है। राजधानी रायपुर में चार गोली कांड हो गया, लूट, चाकूबाजी, चैन स्नेचिंग तो रायपुर की पहचान बन गया है। राह चलते आम आदमी को चाकू मारा जाता है गुंडे अपराधी भी बेलगाम हो गये है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। भाजपा की सरकार बनने के बाद नागरिकों को भयमुक्त जीवन जीने का वातावरण देने में भाजपा सरकार विफल साबित हो गयी है।









## खबर संक्षेप

### अभय नायडू



रायपुर। भाठागांव राधास्वामी नगर निवासी अभय नायडू का 3 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अजय नायडू के पुत्र थे।

### कुसुम पाटोदी जैन



रायपुर। झाबक बाड़ा सदर बाजार निवासी कुसुम पाटोदी जैन (81) का 3 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 अगस्त को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सतीश, शैलेश और अजय की माता थीं।

### संत कुमार न्यूले



रायपुर। शंकर नगर निवासी जियोलॉजी एवं माइनिंग डिपार्टमेंट के रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर संत कुमार न्यूले (86) का 3 अगस्त को दिल्ली में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में ही किया जाएगा। वे सीए गौरव न्यूले एवं प्रीति गुप्ता के पिता थे।

### मनीराम तंबोली



रायपुर। कालीपारा निवासी मनीराम तंबोली का 3 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 अगस्त को उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनिल, सुनील, किशन और जुगल तंबोली के पिता थे।

### गुरमीत सिंह अहलुवालिया

रायपुर। प्रियदर्शिनी नगर निवासी सरदार गुरमीत सिंह अहलुवालिया का 3 अगस्त को निधन हो गया। उनकी इच्छानुसार उनकी देह मेडिकल अस्पताल में समर्पित की गई। वे असीम अहलुवालिया के पिता थे।

# थोड़ी दिक्कतों से हो रहे हताश, दो महीने में 146 ने खाया जहर, 21 ने तोड़ा दम

## आंबेडकर अस्पताल की इमरजेंसी में हर दो दिन में पहुंच रहे पांच केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

थोड़ी परेशानी अथवा नाकामी होने पर लोगों में जल्दी निराशा के भाव उत्पन्न हो रहे हैं और वे आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। आंकड़े चौंकाने वाले हो सकते हैं कि एक जून से 31 जुलाई के बीच आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में 146 लोग जहर खाकर पहुंचे और इलाज के दौरान 21 लोगों की जान नहीं बचायी जा सकी। विशेषज्ञों का तर्क है कि लोगों की सहनशक्ति कम हो चुकी और सफलता नहीं मिलने पर वे पैनिक होकर इस तरह के कदम उठा रहे हैं।

जहर खुरानी से संबंधित यह प्रकरण केवल एक अस्पताल से संबंधित है। राज्य के अन्य मेडिकल कालेज, जिला और निजी अस्पताल के साथ अन्य हेल्थ सेंटर में भी आने वाले मामलों को अगर जोड़ा जाए, तो आंकड़ा बड़ा हो सकता है। मनोरोग से संबंधित विशेषज्ञों का तर्क है कि जहर खुरानी की घटनाओं में पांच प्रतिशत से भी कम केस एक्सीडेंटल होते हैं। ज्यादातर प्रकरण सुसाइडल अटैंप्ट के होते हैं। जब कोई शख्स विभिन्न कारणों से हताश हो जाता है और उसे ऐसा प्रतीत होने लगता है कि परिवार और समाज में उसे महत्व नहीं दिया जा रहा है, तो वह आत्मघाती कदम उठाता है। आंबेडकर अस्पताल में पहुंचे 50 फीसदी केस पारिवारिक विवाद से संबंधित हैं। घर में किसी बात पर पति-पत्नी अथवा अन्य रिश्तेदारों से होने वाले झगड़े के बाद आपा खोकर जहरीली वस्तु का सेवन आत्महत्या के लिए करते हैं।

### अवसाद बन रहा बड़ी वजह

मनोस्वास्थ्य विशेषज्ञ डीएस परिहार के मुताबिक जहर खुरानी के ज्यादातर मामले आत्महत्या की कोशिश से जुड़े होते हैं। इसकी प्रमुख वजह अवसाद है, जो कई कारणों से होता है। किसी भी मामले में मिलने वाली नाकामी के बाद लोगों को महसूस होता है कि उन्हें तवज्जो नहीं दिया जा रहा है, तो वे इस तरह का कदम उठाते हैं। आसपास के रहने वालों के स्वभाव में किसी तरह का बदलाव नजर आता है, तो उनसे इसका कारण जानकर समस्या का समाधान करना चाहिए।

विशेषज्ञों का तर्क- सहनशक्ति कम, थोड़ी नाकामी पर पैनिक हो रहे लोग




### मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी

आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डॉ. विनय वर्मा के अनुसार बदलते समय में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। बच्चों को बचपन से ही जीवन के संघर्षों के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। अपनी परेशानियों के बारे में अगर दूसरे से चर्चा की जाए तो उसका समाधान मिल सकता है। अस्पताल में जहर खुरानी के मामले अक्सर पहुंचते हैं, जिन्हें त्वरित इलाज उपलब्ध कराया जाता है।

## शहीद पंकज विक्रम वार्ड के संजय नगर स्कूल में जनसमस्या निवारण शिविर

# 4 वार्डों में लगाया शिविर, समस्याओं शिकायतों के आवेदन लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- बारिश के बाद भी समस्या लेकर पहुंच रहे आवेदक
- रामकृष्ण परमहंस वार्ड के मंगल भवन कोटा में शिविर

राजधानी में शनिवार को जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत शहर के 4 वार्डों में जन समस्या का निराकरण करने शिविर लगाया गया। इन शिविरों में 740 आवेदन अलग-अलग समस्या को लेकर प्राप्त हुए, जिसमें से 561 आवेदन का शिविर में निराकरण हुआ। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक जनसमस्या सुनने निगम के अधिकारी, वार्ड पार्षद शिविर में मौजूद रहे। नगर निगम जोन 6 के शहीद पंकज विक्रम वार्ड के रहवासियों के लिए टिकरापारा स्थित शहीद संजय यादव स्कूल परिसर में जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया। इसमें अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव सहित जोन के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में नाम सुधार, नये राशनकार्ड बनवाने, निकास नाली निर्माण और सड़क मरम्मत, पीएम स्वनिधि फाइलिंग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। नाम सुधार के 17 आवेदन आए, जिनका स्थल पर निराकरण किया गया। संपत्तिकर, आय, जाति प्रमाणपत्र, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड सुधार के लिए अलग-अलग काउंटर बनाये गये। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में आयुष्मान, स्वास्थ्य बीमा योजना के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। रामकृष्ण परमहंस वार्ड के मंगल भवन कोटा में लगाये गये शिविर में एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, जोन कमिश्नर एके हालदार सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर में महिलाओं ने बड़ी संख्या में श्रमिक कार्ड बनवाये। इसी तरह हितग्राहियों को स्व रोजगार के लिए शिविर स्थल पर चेक प्रदान किये गये। रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड के पटेल चौक लालपुर में जन समस्या निवारण शिविर में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, आयुक्त अबिनाश मिश्रा, पार्षद रवि ध्रुव उपस्थित रहे। अलग-अलग वार्डों में लगाये गये जन समस्या निवारण शिविर में श्रम विभाग ने 15 पात्र हितग्राहियों को तत्काल श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाकर दिये। 78 लोगों को आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्ड स्थल पर बनाकर प्रदान किये गये।



### 4 अगस्त को शिविर इन जगहों

बालगंगाधर तिलक वार्ड के सियान सदन गुढ़ियारी, जोन 5 डॉक्टर खूबचंद बघेल वार्ड के चंगोराभाठा सांस्कृतिक भवन, मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड के डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी भवन मठपुरैना पानी टंकी के पास, जोन 10 के लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड के कंदकोट सिंधी धर्मशाला आदर्श नगर में जन समस्या निवारण शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगाया जायेगा।

## कार्रवाई के नाम पर कर रहा खानापूर्ति


# सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने अवैध ठेले-गुमटियों की भरमार असामाजिक तत्वों का जमावड़ा


हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- छात्र-छात्राओं और आम जनता को हो रही परेशानी

शहर के प्रमुख मार्ग जीई रोड स्थित नगर निगम की सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने इन दिनों अवैध-ठेला गुमटियों की भरमार होने से यहां आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। ठेला गुमटियों के पास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से लाइब्रेरी में आने-जाने वाली छात्राओं व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं का वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। कई बार यहां अवैध ठेला-गुमटियों से भीड़ में एंबुलेंस फंस जाती है। चूंकि एम्स हास्पिटल का रास्ता सेंट्रल लाइब्रेरी से होकर गुजरता है, इसलिए यह मामला और ज्यादा संवेदनशील है।

सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने अवैध ठेला गुमटियों पर नगर निगम अंकुश नहीं लगा पाया। सड़क यातायात बाधित कर रहे इन अवैध ठेले गुमटियों को शैक्षणिक परिसर के सामने से हटाने की मांग एक अरसे से लोग निगम प्रशासन से कर रहे हैं, पर निगम अमला केवल खानापूर्ति कर अवैध ठेला गुमटी वालों को प्रश्रय देने में लगा है। सूत्रों के मुताबिक नालंदा परिसर और सेंट्रल लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में युवा रोजाना प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए पहुंचते हैं। इनमें राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं शामिल हैं। ऐसे में शैक्षणिक परिसर के आसपास अवैध ठेले व गुमटियों को तत्काल हटाया जाये। भुक्त भोगियों ने ये भी कहा है कि असमाजिक तत्वों द्वारा इन अवैध ठेले व गुमटियों के सामने खुले आम मादक पदार्थों का सेवन कर आने-जाने वाली लड़कियों के रास्ते से गुजरते समय छींटाकशी की जाती है। इससे वे काफी असहज महसूस करती हैं, साथ ही सेंट्रल लाइब्रेरी और नालंदा परिसर की छवि प्रभावित हो रही है।





हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 4 अगस्त 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

15



सूर्य की किरणें नहीं मिलने से घट रहा ....



## सिटी इवेंट

### अंगदान कर लोगों को दिया नया जीवन दिल्ली में परिवार को मिला सम्मान



**रायपुर।** प्रत्येक वर्ष 3 अगस्त को राष्ट्रीय अंगदान दिवस मनाया जाता है। इस दौरान राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन द्वारा नई दिल्ली में 14वां अंगदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर के 52 वर्षीय स्व. राधेश्याम करपाल के परिवार को सम्मानित किया गया। राधेश्याम करपाल पखांजूर में सहायक इंजीनियर थे, जिन्होने अपने अंगदान कर कई लोगों को नया जीवन दिया। स्व. करपाल एक समाजसेवक रहे, जिन्होंने अपने अंतिम दिनों तक जनहित का कार्य किया। संस्था द्वारा देशभर से लेवल 10 लोगों को ही आमंत्रित किया जाता है, जिसमें छत्तीसगढ़ के राधेश्याम करपाल के परिवार का नाम भी शामिल रहा। इस कार्यक्रम में राजधानी के सदस्यों ने परिवार के सदस्यों को जानकारी दी और कार्यक्रम में शामिल हुए।

#### अंतिम दिनों तक किया जनहित का कार्य

नई दिल्ली स्थित डॉक्टर आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में अंगदानी परिवार के सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां स्व. करपाल के दो बेटे जयेश करपाल और ऋषभ करपाल को आमंत्रित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल, विशिष्ट अतिथि नीति आयोग स्वास्थ्य से डॉ. विनोद के. पॉल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के सचिव अपूर्व चंद्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. अतुल गोयल, डॉ. अनिल कुमार व गीतिका ब्रह्मभट्ट मौजूद रहीं।

## सिटी लाइव

### सफल होने समस्या पर ध्यान देने के बजाय समाधान पर करें फोकस



**रायपुर।** लीनेस क्लब द्वारा डीडीनगर स्थित मूक-बधिर विद्यालय में उत्कृष्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों की निशुल्क नेत्र जांच कराई गई। शिविर का लगभग 60 से अधिक विद्यार्थियों ने लाभ लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में पढ़ने वाले अनेक छात्रों की निशुल्क जांच कराना रहा। जहां संस्था के सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के जांच शिविर लगाने की बात कही। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष लीनेस वंदना ठाकुर ने कहा, स्वामी विवेकानंद हमारे आदर्श रहे हैं। उन्होंने कहा है, तुम जागो और पूरी शक्ति व लगन से अपनी मंजिल को प्राप्त करने की तैयारी करते चलो।

#### उत्कृष्ट कार्यक्रम का आयोजन

शिविर में लीनेस क्लब की पीडीपी जया सूर, डॉ. कमल वर्मा, सुधा सक्सेना, डॉ. वंदना ठाकुर, संध्या अग्रवाल, नीना खुराना, शाला की प्राचार्या श्वेता भोंसले व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। एडिशनल कमिश्नर डॉ. जेके डागा ने संबोधित करते हुए कहा, हमेशा अपनी समस्या पर ध्यान देने के बदले उसके समाधान पर ध्यान देना आवश्यक है। जब समस्या पर ध्यान देंगे तो समस्या बनी रहेगी। हर व्यक्ति अपने आप में पूर्ण होता है, केवल उसे अपनी योग्यता की पहचानने की आवश्यकता होती है।

## लाइव इवेंट

### पारंपरिक खेल में दिखाई प्रतिभा सावन गीतों पर दी मनमोहक प्रस्तुति



**रायपुर।** महात्मा गांधी वार्ड की महिलाओं ने शनिवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें हिस्सा लेते हुए सभी ने प्रतिभा दिखाई। इसके अलावा कार्यक्रम में महिलाएं भी पारंपरिक वेशभूषा में पहुंची थीं। इस दौरान वार्ड पार्षद अमितेश भारद्वाज व प्रियंका भारद्वाज बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। खेलकूद और पारंपरिक वेशभूषा में प्रथम और द्वितीय विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### हरेली उत्सव पर छत्तीसगढ़ी परिधान में बच्चे पहुंचे स्कूल



**रायपुर।** मदर्स प्राइड स्कूल सुंदर नगर में शनिवार को हरेली उत्सव मनाया गया, जिसमें नन्हें बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस दौरान नर्सरी के बच्चे छत्तीसगढ़ी परिधान में स्कूल पहुंचे, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने पेड़ व पौधे बनकर सभी को हरियाली का संदेश दिया। इस दौरान नर्सरी की छात्रा अनिका मिश्रा के पारंपरिक परिधान को खूब पसंद किया गया।

---

**अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर खुली कई परतें, सामने आई अनोखी जोड़ी**

# बचपन की दोस्ती को बनाया परिवार, 60 साल से रोज मिलकर लड़ाते हैं गप्पें, जीवनभर साथ रहने बन गए पड़ोसी

कहते हैं, इत्र से सिर्फ तन महकता है, लेकिन जिन्हें सच्चा मित्र मिल जाए। ऐसे लोगों का जीवन ही नहीं, दो परिवारों के बीच खुशियां भी बिखरती हैं। जीवन में कई बातें ऐसी होती हैं, जिसे माता-पिता ही नहीं, बल्कि पत्नी को भी नहीं बता सकते। ऐसे मुश्किल समय में सच्चा मित्र आपके साथ होता है। वहीं सही व गलत का एहसास कराते हुए जीवन की चुनौतियों को आसान बनाते हुए मंजिल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर हम बात करने वाले हैं खेल विभाग से जुड़े दो मित्रों की, जो पढ़ाई के दौरान जीवनभर दोस्ती बनाए रखने के लिए पड़ोसी भी बन गए।

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा निवासी संजय शुक्ला अभी चौबे कॉलोनी स्थित मायाराम सुरजन कन्या विद्यालय में व्यायाम शिक्षक हैं। वे बताते हैं कि 1989-90 में बलौदाबाजार से ग्रेजुएशन करने के बाद जब पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में बीपीएड करने के लिए आया, उन दिनों मैं हॉकी का प्लेयर हुआ करता था। इसी दौरान मेरी दोस्ती टैगोर नगर निवासी रूपेंद्र सिंह चौहान से हुई। वे टेबल टेनिस के खिलाड़ी होने के साथ ही इंटर कॉलेज व नेशनल खेलते थे। एक बार उन्होंने सलाह दी कि हॉकी कॅरियर के लिहाज से बेहतर नहीं है। इसके बाद मैंने खेल की विधा बदली और हॉकी छोड़कर सॉफ्ट टेनिस खेलते हुए इंटर कॉलेज विनर बना। इस बीच दोनों के बीच अपनेपन का ऐसा रिश्ता बना, जो 38 साल बाद भी कायम है। कई बार साथ में मेडल भी मिला।



#### अगल-बगल में ले लिया मकान

**कॉलेज में पढ़ाई के दौरान हुई दोस्ती, फिर साथ में मिली नौकरी, 38 साल की मित्रता कायम रखने बन गए पड़ोसी**

वहीं रूपेंद्र सिंह चौहान बताते हैं कि हमने कभी एक-दूसरे में कमी खोजने की कोशिश नहीं की। हमेशा एक-दूसरे की खूबियों को ही तवज्जो दी। जब कभी लगा कि संजय किसी समस्या से जूझ रहा तो हमेशा सपोर्ट किया। अभी भी रोज क्लब में साथ खेलते हैं। एक-दूसरे का साथ न छूटे, इसलिए खम्हारडीह स्थित वीआईपी स्टेट में अगल-बगल में ही मकान ले लिया। अब हम अच्छे दोस्त ही नहीं, बल्कि पड़ोसी भी हैं। हमारी दोस्ती के चलते दोनों परिवार भी एक हैं। हमें कभी किसी दूसरे के साथ की भी जरूरत नहीं पड़ी। जीवन में जो चुनौतियां आईं, उसका मिलकर सामना किया। इसे परिवार के लोग भी समझते व साथ देते हैं। अभी मैं छत्तीसगढ़ कॉलेज में क्रीड़ा अधिकारी व संजय कन्या विद्यालय में पीटीआई हैं, हमें नौकरी भी साथ में ही मिल गई थी।

### बचपन से बुढ़ापे तक दोस्ती बेमिसाल



एक अच्छा मित्र दूसरे अच्छे मित्र से यही अपेक्षा रखता है कि वह ताउम्र उसके साथ रहे, जीवन में आने वाले कठिनाई में उसका सहारा बने, किंतु बहुत कम लोगों में दोस्ती का रिश्ता लम्बी उम्र तक कायम रह पाता है। ऐसी ही दोस्ती की एक मिसाल हैं अफरोज, लता, अरुणा और सुमन, जिनकी दोस्ती मानों बचपन से ही पक्की हो गई थी। जिन चार सहेलियों का नाता जुड़ा, जिले में उन दोस्ती के रिश्तों की चर्चा आज भी बरकरार है। दोस्तों का कहना है कि रिश्तों के इस बाजार में बचपन बीता, चारों की मासूमियत भरी शरारत में जवानी बीती अपनों संग अपनों को करीब लाने में, लेकिन उम्र के इस पड़ाव में भी चारों में दोस्ती के मायने वही हैं, दोपहरें दावतें वही हैं, शामें शरारतें वही हैं, चारों की दोस्ती के नाम मानों गुजरता हुआ पल भी थमा वही है। जिस जिंदादिल अंदाज में चारों की दोस्ती जवानी में थी, उसी जिंदादिली का अंदाज आज भी 60 बाद भी कायम है।

#### परिवार के साथ दोस्तों को भी समय

दोस्तों का कहना है कि आज के व्यस्ततम समय में भी घर परिवार के साथ-साथ अपनी दोस्ती को भी बखूबी समय देती हैं, चाहे वह किसी दिन एक साथ बैठ गप्पें लड़ाना हो, बाहर खाने जाना हो, साथ ही हर साल शहर से दूर कहीं सैर-सपाटे के लिए जाना हो, ये चीजें आज भी इनके सालभर के रुटिन में बरकरार हैं। ये एक्टीविटी आज से नहीं दोस्ती के शुरुआती दौर से चली आ रही है, जो 60 बरस पार लोगों के लिए एक मिसाल है। हमारी दोस्ती आज के जनरेशन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है, लेकिन अपनी पूरी मान-मर्यादा के दायरे में तकदीर ने मानों इनकी झोली में उम्र के हर पड़ाव में भी मिलते रहने की भेंट दी है।

### दादाजी के कहने पर छह साल की उम्र में बनीं मितानिन

छत्तीसगढ़ में मितान बनाने की अनोखी परंपरा है, जो सच्ची दोस्ती की पहचान है। प्रदेश में दो व्यक्तियों द्वारा मितान बनते हैं, जो एक प्रकार से बेस्ट फ्रेंड का रिश्ता होता है। जो मितान के निधन के बाद भी उनके बच्चों व परिजनों द्वारा उम्रभर निभाया जाता है। मितान बनने की परंपरा वर्षों पुरानी है, जिसे दो भिन्न घर के बच्चे व सदस्यों द्वारा आपस में किया जाता है। इस फ्रेंडशिप डे दो मितान संगीता साहू व सुमित्रा साहू की बात करने जा रहे हैं।

#### 45 वर्षों से निभा रहे मितानी

संगीता साहू ने बताया, वर्तमान समय में मेरी उम्र 50 वर्ष है। दादाजी के कहने पर बचपन में 6 वर्ष की उम्र में सुमित्रा साहू के साथ मितान बदी। दादाजी का कहना था, एक समय के बाद गांव से सब चले जाएंगे, लेकिन मितान बनने के बाद गांव की याद आती रहेगी। परंपरा के अनुसार नारियल, तिलक, दूबी के साथ मितान बदने की रस्म पूर्ण की। अब लगभग 45 वर्ष से हम मितानिन हैं। जीवन के सुख-दुख के वक्त दोनों परिवारों के सदस्य आपस में मिलकर साथ रहते हैं। यही हमारी दोस्ती की निशानी है, जहां हम एक-दूसरे का नाम नहीं लेते। हम हैलो-हाय के बदले सीताराम मितानिन कहकर अभिवादन करते हैं।



---

## हाथ गंवाने के बाद भी नहीं छोड़ा कराते और मार्शल आर्ट अब स्पोर्ट्स अथॉरिटी के ट्रेनिंग कैंप के लिए आमंत्रित

**रायपुर।** बहतराई की रहने वाली स्वाति साहू ने खेल जगत में अपनी विशेष पहचान बनाई है। तमाम मुश्किलों का सामना करते हुए स्वाति ने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कठिनाइयों का डटकर सामना किया और परिस्थिति को अपने अनुकूल बनाया। कराते, किक बॉक्सिंग और व्हीलचेयर फेंसिंग के पैरा-एथलेटिक्स कैटेगरी में स्वाति को उनकी मेहनत और समर्पण का फल उन्हें तब मिला, जब स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने उन्हें गुजरात स्थित ट्रेनिंग कैंप के लिए आमंत्रित किया। अब स्वाति को पैरा व्हीलचेयर फेंसिंग के पैरालंपिक्स इवेंट के लिए तैयार किया जाएगा। प्रदर्शन बेहतर रहने की स्थिति में उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सकता है।

मेडलों की कतार लगा चुकी स्वाति को उस वक्त जिंदगी की सबसे बड़ी ट्रेजेडी झेलनी पड़ी, जब एक सड़क हादसे में उन्हें अपना एक हाथ गंवाना पड़ा था। दरअसल 2016 में जब वे बहतराई स्टेडियम के सामने साइकिल लेकर खड़ी थीं, तब पीछे से एक ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में स्वाति को अपना एक हाथ गंवाना पड़ा। इस हादसे ने उनके जीवन को बदल दिया, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपनी इच्छाशक्ति से खुद को फिर से खड़ा किया।

#### तीन साल के कैरियर में 11 नेशनल्स खेले



कराते, फेंसिंग और आर्ट के अब तक 11 नेशनल्स खेल चुकी स्वाति, अब तक कुल 18 मेडल जीत चुकी हैं। इन मेडल्स में आठ स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और नौ कांस्य पदक शामिल हैं। स्वाति का सपना है कि वे आगे जाकर ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करें। उनका यह लक्ष्य केवल उनके लिए नहीं, बल्कि उन सभी के लिए प्रेरणा है, जो अपने जीवन में संघर्ष कर रहे हैं। स्वाति साहू कराते, ताइक्वांडो और मार्शल आर्ट की पैरा खिलाड़ी हैं।अपनी फिटनेस और नए स्किल सीखने के लिए वे हर रोज कड़ी मेहनत करती हैं। स्वाति पैरा खिलाड़ी श्रेणी के मार्शल आर्ट टूर्नामेंट और ताइक्वांडो टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं, इसके अलावा उन्हें कराते में ब्लैक बेल्ट हासिल है।

## मानव को जब भी बांटने का प्रयास हुआ तब अशांति और असंतोष ही मिला

**रायपुर।** शनिवार को एक चिकित्सालय में सामाजिक आंदोलन और अध्यात्म विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता आचार्य वंदनानंद अवधूत ने कहा कि मानव एक है। मानव का धर्म एक है। मानवों को जब भी बांटने की कोशिश हुई, वहां अशांति और असंतोष हुआ है। वर्तमान वैश्विक समस्या भविष्य के लिए आध्यात्मिक आधार पर सामाजिक परिवर्तन के लिए भूमिका बना रही है। प्रेम, सेवा, आंतरिक, आध्यात्मिक, साधना त्याग को लेकर सामाजिक न्याय, समरसता, जागरूकता का आंदोलन बनाया जाना



अपेक्षित है। अतिथि वक्ता प्रदीप शर्मा ने कहा कि धार्मिकता अपने जैसा बनाने और अध्यात्मिकता अपना बनाने का काम करती है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में संतों के स्वीकार की परंपरा के संदर्भ में उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के बारे में बताया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सत्यजीत साहू ने वैदिक ऋषियों, भगवान शिव, श्रीकृष्ण, गौतम बुद्ध, आदि शंकराचार्य, भक्तिकाल के संत, स्वामी दयानंद और स्वामी विवेकानंद के उदाहरण से सामाजिक परिवर्तनों में अध्यात्म की भूमिका को चिन्हित किया। कार्यक्रम के अतिथि डॉ. उदयभान सिंह चौहान, प्रयोग आश्रम तिल्दा के अध्यक्ष सीताराम सोनवानी, छत्तीसगढ़ी महिला समाज के अध्यक्ष मालती परगनिहा उपस्थित रहीं।

---

**सराफा बाजार में भाई के लिए राखी खरीदने पहुंच रही बहनें**

**कार्नर न्यूज**

# बहनों को लुभा रही सोने और चांदी की डिजाइनिंग राखी बाजार में रुद्राक्ष और रेशम के धागों की भी बढ़ी मांग

**रायपुर।** इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व 19 अगस्त को मनाया जाएगा। बाजारों में राखी की दुकानें सजने के साथ ही ज्वेलरी दुकान पर भी सोने व चांदी की राखियां तैयार की जा रही हैं। खरीदार अपनी पसंद को ध्यान में रखते हुए कस्टमाइज राखियां तैयार करा रहे। सोने व चांदी के कीमतों में गिरावट आई है, जिसके चलते चांदी व सोने की राखियों की अधिक डिमांड देखने को मिल रही है। राखियों में भाई के साथ भाभी को भी लुंबा बांधने का रिवाज है। ज्वेलरी दुकानों पर लड़कों के साथ लड़कियों के लिए भी चाम्स वाली राखी व ब्रेसलेट की खरीदी की जा रही है। रक्षाबंधन से पूर्व ही बाजारों में राखियों की भारी संख्या में खरीदी की जा रही है। राखी के पहले बहनें अपने भाई के लिए सोने व चांदी की राखियां खरीद रही हैं। वहीं कुछ खरीदार मनपसंद डिजाइन के साथ कस्टमाइज राखियां तैयार कर रहे। दुकान संचालकों के अनुसार महिलाओं व बच्चों की पहली पसंद चाम्स वाली राखी है, जिसके लिए सोने के साथ चांदी के भी चाम्स तैयार किए गया है, चांदी वाले चाम्स की कीमत 500 रुपए तय है। जो बजट फ्रेंडली होने के साथ लाइटवेट है।



#### 100 से लेकर 1000 रुपए तक राखी उपलब्ध



सदर बाजार स्थित राखी दुकान के प्रबंधक श्याम सोनी ने बताया, इस वर्ष रुद्राक्ष वाली चांदी की राखियां खरीदारों की पहली पसंद हैं। जिसे डोरी व ब्रेसलेट के साथ तैयार किया गया है, कुछ राखी चाम्स के साथ भी लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। इस वर्ष चांदी ब्रेसलेट में रुद्राक्ष वाली राखी, राधा-कृष्ण, श्रीगणेश व मोर पंख की डिजाइन की राखी दुकान में उपलब्ध है। साथ ही रोली, अक्षत, श्रीफल, गंगाजल, मिष्ठान भी रखा गया है। सोने वाली राखी की कीमत 2100 से शुरू है, वही चांदी वाली राखी की कीमत 500 रुपए से शुरू है।

#### कस्टमाइज राखी हैंपर

दुकान संचालक अर्पित कांकरिया ने बताया, इस राखी गिफ्ट के लिए हैंपर तैयार किया गया है, जिसमें चांदी की राखी, चांदी की कटोरी, चॉकलेट शामिल हैं। अधिकतर खरीदार सोने की प्लेन राखी खरीदना पसंद करते हैं, जिसे वे राखी के बाद भी कैरी कर सकें। दुकान में कस्टमाइज राखी, चाम्स वाली राखी, बॉल पैटर्न की राखी तैयार की जा रही है, जिसमें चांदी वाली राखी की कीमत 1000 रुपए से और सोने वाली राखी की कीमत 5 हजार से शुरू है। कुछ खरीदार डोरी वाली राखी खरीदना पसंद करते हैं, जो रोजाना कैरी करने के साथ ही लाइटवेट हो।

## सिटी लाइव

# भारतीय ज्ञान परंपरा का बताया महत्व, पढ़ाई के साथ छात्रों में चरित्र निर्माण भी जरूरी




**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम के समापन पर एक भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तरप्रदेश और अंतर्राष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शुक्ला ने शिरकत की। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने स्वागत उद्बोधन में मंचासीन अतिथियों, शिक्षकों और नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के उद्देश्य को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि एसआरयू का मुख्य उद्देश्य न केवल ज्ञान प्रदान करना है, बल्कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण करना भी है।

### शिक्षा और आत्मदर्शन के तत्वों को किया आत्मसात

विशिष्ट अतिथि डॉ. बलराम दाऊ साहू ने विद्यार्थियों को श्रीमद भागवत गीता और रामायण से प्रेरणा लेने की सलाह दी। उन्होंने सामाजिक, शिक्षा और आत्मदर्शन के तत्वों को आत्मसात करने पर बल दिया। डॉ. चितरंजन कर ने अपने भाषण में भारत की मानवता और आत्मज्ञान के महत्व पर चर्चा की और बताया कि स्वाध्याय के माध्यम से ही परम ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्र शुक्ला ने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को इस परंपरा के अध्ययन की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय दर्शन मानवता के प्रति संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व को बढ़ाता है।

## सिटी इवेंट

# ग्रीन डे पर स्कूल में बच्चों ने चलाया भौंरा, चढ़े गेड़ी, पेड़ बनकर पर्यावरण बचाने का संदेश भी




**रायपुर।** बोरियाखुर्द स्थित वेदाचार्य 'द क्रिएशन वर्ल्ड एकेडमी' में शनिवार को हरेली पर्व मनाया गया। बच्चों ने इसे ग्रीन डे का नाम दिया। इस दौरान स्कूल में सभी बच्चों को छत्तीसगढ़ राज्य के पहले पारंपरिक हरेली त्योहार की जानकारी दी गई। बच्चों ने किसानों के खेतों में उपयोग आने वाले उपकरणों की भी पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर स्कूल में बच्चों के बीच छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गेड़ी, भौंरा, फुगड़ी आदि खेल प्रतियोगिता रखी गई। विद्यालय प्रमुख किशोर सिन्हा ने बताया कि बच्चों ने सभी खेल में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। पर्व में कार्यक्रम के जरिए छत्तीसगढ़ की परंपरा, संस्कृति और लोककला से बच्चों को जोड़ने का कार्य किया जाता है।

### बच्चों की अपील- न काटें एक भी पेड़

*स्कूल में बताया गया कि हरेली पर्व पर किसान कृषि कार्य में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों और औजारों की सफाई कर उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। इस अवसर पर बच्चे पेड़ बनकर पहुंचे थे। उन्होंने सभी को पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ नहीं काटने की अपील की। अपने आसपास पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले बच्चों को गिफ्ट व प्रमाणपत्र दिए गए।*

## समाज इवेंट

# त्रिशूल यात्रा की परंपरा निभाने कल निकलेंगे सैकड़ों शिवसैनिक



**रायपुर।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे छत्तीसगढ़ द्वारा 27 साल पुरानी परंपरा के तहत इस बार भी सावन के तीसरे सोमवार को भक्तिभाव के साथ त्रिशूल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस बार लाखेनगर से दोपहर 1 बजे निकलने वाली भव्य त्रिशूल यात्रा में हर वर्ग के तीन हजार से ज्यादा शिवभक्त शामिल होंगे। इसमें रायपुर, दुर्ग, भिलाई, महासमुंद से शिवसैनिक त्रिशूल यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आने वाले हैं। यह जानकारी शनिवार को प्रदेश प्रवक्ता संजय नाग, महासचिव सुनील कुकरेजा और एचएन सिंह ने प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान दी। आगे बताया कि इस बार निकलने वाली त्रिशूल यात्रा में हर वर्ग के लोग शामिल होंगे। इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है।

### ढोल व धुमाल की धुन पर मचेगी धूम...

आगे बताया कि लाखेनगर से महादेवघाट तक त्रिशूल यात्रा में शामिल शिवभक्त दोपहर 1 बजे निकलने के बाद साढ़े तीन बजे हाटकेश्वर महादेव को त्रिशूल अर्पित करेंगे। यात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल में ढोल व धुमाल और नगाड़ों की थाप पर युवाओं की टोली करीब तीन घंटे में भक्तिभाव से महादेवघाट पहुंचेगी। इसके बाद भगवान महादेव को उनका प्रिय त्रिशूल अर्पित किया जाएगा। इस बार भी बोल बम का जयघोष करते निकलने वाली यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। व्यवस्था बनाने के लिए जिम्मेदारी भी बांटी गई है।

● बादल-बारिश की वजह से सूर्य की रोशनी नहीं मिल रही, शरीर में कम होने लगा डोपामिन हार्मोन

# सूर्य की किरणें नहीं मिलने से घट रहा डोपामिन हार्मोन युवाओं में मूड स्विंग-चिड़चिड़ेपन की बढ़ी शिकायत

### युवाओं में चिड़चिड़ेपन की शिकायत अधिक



बारिश में हार्मोन्स अनबैलेंस होने से मूड स्विंग अधिक होता है। इस वजह से व्यक्ति अधिक चिड़चिड़ा हो जाता है। अस्पताल में बीते सात दिनों में आए मरीजों में सबसे अधिक शिकायतें युवाओं के चिड़चिड़ेपन की आई हैं। मनोचिकित्सक ने बताया कि रोजाना सुबह आसमान में बादल व बारिश के कारण निराशा होने लगी है। इस वजह से काम में भी लोगों का मन नहीं लग रहा है। मानसून में पुरुषों की तुलना में महिलाओं में यह समस्या अधिक है। इस अवसाद को दूर करने मनोचिकित्सक अब लोगों को योग थेरेपी को प्राथमिकता देने कह रहे हैं। इसके अलावा लोगों को कहा जा रहा है कि ऐसा कार्य करें, जिससे खुशी मिले। दोस्तों से मुलाकात और परिवार के साथ समय बिताने तथा अवसाद अधिक होने से अकेले नहीं रहने की सलाह दी जा रही है।


> लगातार बारिश के चलते विगत सात दिनों से सूर्य बादलों में छिपा हुआ है। लोगों को सूर्य की किरणें नहीं मिलने से अब मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका असर अब दिखने लगा है। शहर के मनोचिकित्सकों के पास इन दिनों में बेचैनी, हताशा, नींद नहीं आने के साथ-साथ अकेलेपन महसूस होने की शिकायत लेकर लोग पहुंचने लगे हैं। मनोचिकित्सक का कहना है कि यह समस्या बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं को भी होने लगी है। जो व्यक्ति अवसाद में हैं, उन्हें समस्या अधिक है।

**रायपुर।** मनोचिकित्सक डॉ. एम. साहू ने बताया कि सूर्य नहीं दिखने से बारिश को अवसाद का मौसम कहा जाता है। ठंड में मामले बढ़ जाते हैं। बारिश में जब लंबे समय तक लोगों को सूर्य की किरणें नहीं दिखाई देती हैं, तब हैप्पी हार्मोन में बदलाव होने लगता है। डोपामिन हार्मोन के कम होने से व्यक्ति को अकेलापन महसूस होता है। कई बार इस कारण लोग आत्महत्या का भी प्रयास करते हैं। मनोचिकित्सक के मुताबिक, डोपामिन के कम होने से कार्टिसोल हार्मोन बढ़ जाता है। इस वजह से व्यक्ति नकारात्मक होने लगता है और अवसाद की स्थिति में पहुंच जाता है।



### टाइट कपड़ों से भी हो सकती है रैशेस की समस्या

बरसात के दिनों में वैसे ही स्किन से जुड़ी बीमारियां तेजी से सामने आती हैं। ऐसे में हमें इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि हमारी गलती की वजह से ही कोई तकलीफ न हो। डर्मेटोलॉजिस्ट बताते हैं कि बरसात के दिनों में टाइट कपड़े बिल्कुल भी न पहनें। अगर हम तंग कपड़ों को लंबे समय तक पहनते हैं तो इससे रैशेस जैसी समस्या सामने आ सकती है।



### शरीर में विटामिन-डी की होने लगी कमी

सूरज की रोशनी विटामिन डी का सबसे अच्छा जरिया है, लेकिन बारिश के कारण राजधानी 7 दिनों में सूर्य की रोशनी देखने को नहीं मिली है। मेडिसिन चिकित्सक डॉ. प्रियांशु शर्मा का कहना है कि शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी नहीं मिलने से भी थकान, कमजोरी, डिप्रेशन होने लगता है। विटामिन डी ही शरीर से बीमारियों को दूर रखती है। इस वजह से बारिश में बुखार और सर्दी के मामले बढ़ जाते हैं। उनका कहना है कि ठंड से ज्यादा बारिश में हार्मोंस बदलाव अधिक होता है। इससे बचने के लिए लोगों के ट्रेवल करना चाहिए, ताकि शरीर में डोपामिन हार्मोन बढ़े। विटामिन डी की कमी पूरी करने चिकित्सकों से परामर्श के बाद दवा भी ले सकते हैं।



### रंग छोड़ने से फंगल इंफेक्शन की समस्या

*बरसात के दिनों में रंग छोड़ने वाले कपड़े गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं, जो कैंसर, किडनी रोग और अन्य गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकते हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञ संगीता सिंघानिया ने बताया कि बरसात के दिनों में कपड़े अधिक रंग छोड़ते हैं, जो हमारे शरीर के संपर्क में अधिक समय तक रहते हैं। यह रासायनिक कण त्वचा के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। विशेषकर बरसात के दिनों में नए कपड़ों को बिना धोए नहीं पहनना चाहिए। नए कपड़े कई बार अतिरिक्त रसायनों से भरे होते हैं, जिससे फंगल इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। इसलिए नमीयुक्त कपड़ों को पूरी तरह से सूखने के बाद ही पहनना चाहिए।*



# साधु के लिए तीर्थ, मंदिरों और जीवों की रक्षा सबसे पहले, प्रतिमाओं का संरक्षण करना ही धर्म

**रायपुर।** विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जैन मंदिर में आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचन माला जारी है। शनिवार को तपस्वी रत्न मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी ने साधु के पांच कनेक्शन की श्रृंखला में आगे बताया कि साधु का जिन शासन और आत्मा के साथ कनेक्शन होता है। श्रावक वर्ग में भी विशेषज्ञता तभी आएगी, जब संसार को दूसरे नंबर पर और धर्म को प्रथम सोपान में रखेंगे। मुनिश्री ने कहा कि साधु का प्रभु के शासन के साथ कनेक्शन होता है, धर्म की रक्षा के लिए साधु सदैव तत्पर रहते हैं। मुनिश्री ने कहा कि जब धर्म की बात आती है तो साधु अपने बारे में नहीं सोचता। जिन शासन का इतिहास रहा है सदैव तीर्थ, मंदिरों, जीवों की रक्षा के लिए साधु आगे रहे हैं। आपका जिन शासन के साथ कनेक्शन अच्छा होगा, तभी धर्म की रक्षा हो पाएगी। मुनिश्री ने कहा कि तीर्थ से आपका जुड़ाव होना चाहिए। वीरान हो चुके मंदिरों, गायब हो रही प्रतिमाओं का संरक्षण करना साधु का धर्म है। विशेषज्ञ वह होता है, जो संकट आने पर अपने लिए नहीं सोचता, वह शासन की तरफ देखता है। ऐसे ही साधु का आत्मा के साथ कनेक्शन भी होता है, इसलिए आत्मा में जरा भी दोष न लगे, कर्म बंधन न हो, उसके बारे में हमेशा चिंतनशील रहता है।



### सफलता प्राप्ति के लिए लक्ष्य तय करें

*ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी ने विशेष प्रवचन में कहा कि लक्ष्य निर्धारित होने से ही सफलता मिलती है। लक्ष्य यदि आपके सामने होगा तो ही आपकी आध्यात्मिक यात्रा सफल होगी। आंख से लक्ष्य ओझल हो जाएगा तो साधना व्यर्थ चली जाएगी।आपको साधना क्यों करनी है, इस बात का ज्ञान होना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि सिद्धि तप हमारे लक्ष्य स्वरूप को पहचानने का अवसर है। अपने आत्मस्वरूप को पहचानने का लक्ष्य सिद्धि तप है। सिद्धि तप अपने आप को लक्ष्यबद्ध बनाने का अवसर है। अपने अंतिम लक्ष्य सिद्धशीला की प्राप्ति होने का मार्ग सिद्धि तप है। सिद्धि तप से सद्गति की प्राप्ति होती है। अंत में जाकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। मुनिश्री ने बताया कि सिद्धि तप आत्मा से अवगुणों को अलग करने का प्रोसेस है। इसकी पहली बारी से ज्ञानावरणीय कर्म, दूसरी बारी के दर्शनावरणीय कर्म, तीसरी बारी से वेदानीय कर्म,चौथी बारी से मोहनीय कर्म, पांचवी बारी से आयुषाय कर्म, छठवीं बारी से नाम कर्म, सातवीं बारी से गोत्र कर्म और आठवीं बारी से अंतराय कर्म का नाश होता है।*

रोज कम से कम दो लोगों की तारीफ करें तो पॉजिटिव होगी सोच

# जीवन में कभी किसी से न कहें 'मुझसे नहीं हो पाएगा'

**रायपुर।** जीवन में वही लोग सफलता हासिल करते हैं, जो खुद पर भरोसा करते हैं। इसके लिए जरूरी होता है, आपकी सोच का पॉजिटिव होना। यह तभी संभव होगा, जब रोज मिलने वाले लोगों में कम से कम दो लोगों में कुछ अच्छी आदतें खोजने की आदत डालते हुए उनकी तारीफ करने का भाव आपमें आएगा। कुछ इसी तरह के संवादों से जेआर दानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हायर सेकेण्डरी की छात्राओं के लिए आयोजित सेमीनार में शिक्षाविद व मोटिवेशनल स्पीकर मुकेश शाह रूबरू हुए। उन्होंने मुख्य वक्ता के तौर पर छात्राओं को जीवन में सफल होने के लिए कई गुर सिखाए। 'कुछ छोड़ो-कुछ जोड़ो' थीम पर केंद्रित सेमीनार में श्री शाह ने बताया कि जीवन में हम जब आगे बढ़ते हैं तो कई आदतों और बातों को त्यागना पड़ता है।



### सफलता पाने के लिए खुद पर करें भरोसा

आगे बताया कि कुछ बातों को आत्मसात करना पड़ता है। वहीं स्वयं को कमजोर व अक्षम महसूस करने की आदत का त्याग करना जरूरी हो जाता है। जब आप किसी काम को करने की जिम्मेदारी लेते हैं या कोई जिम्मेदारी आपको दी जाती है तो कई बार उसे शुरू करने से पहले हम मान लेते हैं कि मुझसे यह काम नहीं हो पाएगा। इस सोच के चलते हमारा आत्मविश्वास कम होता है और प्रयास पूरी ताकत के साथ नहीं कर पाते। सफलता पाने के लिए खुद पर भरोसा करने की आदत डालनी होगी।

# श्रोताओं को बांधकर रखना अच्छे वक्ता की पहचान

**रायपुर।** सुहिणी सोच संस्था और साहू व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा 'स्पीच आर्ट' प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर चेतन तारवानी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, व्यक्ति को स्वयं में छिपी प्रतिभा व कला को पहचानने की जरूरत है। कई लोग संकोच के कारण अपने विचार सही शब्दों व सुदृढ़ता के साथ कहने से असमर्थ होते हैं। शुरुआत से ही स्पीकर को अपने श्रोताओं को बांधकर रखना चाहिए, यह अच्छे स्पीकर की पहचान है। हमेशा बोलने से पहले अपने स्पीच के विषयों की तैयारी करे, इससे व्यक्ति को कब, कहां और क्या



बोलना है, इसकी जानकारी होती है। श्री तारवानी ने कहा, स्पीच के दौरान महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना जरूरी है, इसमें प्रभावी संचार कौशल, विषयवस्तु का ज्ञान, किसी भी स्थिति में अनुकूल होने की क्षमता, सरल भाषा, स्पष्ट शब्दों का उच्चारण का होना जरूरी है।

लगातार बारिश से रेनकोट खरीदने रोजाना पहुंच रहे लोग

# 10 दिनों से हो रही बारिश में हर दिन बिके 70 से अधिक छाते, बच्चों और महिलाओं के लिए पॉकेट रेनकोट की मांग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर में लगातार 10 दिनों से हो रही बारिश के चलते सभी उम्र के लोगों के लिए रेनकोट और छाते की मांग अचानक बढ़ गई है। इस बीच शहर की बड़ी दुकानों से हर दिन 70 से अधिक पॉकेट रेनकोट और छाते की बिक्री होने लगी है। दुकानदार ने बताया कि बारिश के तीन महीने में जितनी बिक्री रेनकोट व छाते की होती है, वह इस सीजन के 10 दिनों की बारिश में ही हो गई। अब डिमांड को देखते हुए नए स्टाक के लिए आर्डर भी दे रहे हैं। इन दिनों बाजार में पॉकेट रेनकोट की मांग बढ़ गई है। इस रेनकोट में खास बात यह है कि इसे जेब में भी रखा जा सकता है। यह स्कूली छोटे बच्चों के लिए उपलब्ध है।



### बच्चे इन्हें पसंद कर रहे

स्कूली बच्चों को भीगने से बचाने के लिए बंजारी चौक क्षेत्र की दुकानों पर लोग दस्तक देने लगे हैं। विनोद के पास बच्चों की पसंद के छोटा भीम, मिक्की जैसे कार्टून कैरेक्टर वाले रेनकोट मिलने से बच्चे इन्हें बेहद पसंद कर रहे हैं। वहीं कामकाजी महिलाओं के लिए हर रेंज व वैरायटीज में डबल व ट्रिपल फोल्ड वाली रंग-बिरंगी छतरी मिलने से वे इन्हें खरीद रही हैं। रेनकोट में स्लीव, फुल नेक, गोल नेक के साथ जिपर प्रिंट, कार्टून प्रिंट को भी पसंद किया जा रहा है।



### स्कूल बैग व बच्चे कवर्ड

रेनकोट पर छोटा भीम, मिक्की माउस, मोटू-पतलू जैसे कैरेक्टर होने से बच्चे इनको पसंद कर रहे हैं। वहीं अच्छी क्वालिटी में मिलने से पालकों को भी रेनकोट रास आ रहा है। इस सीजन में रेनकोट कंपनियों ने बच्चों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्टून कैरेक्टर वाले रेनकोट मार्केट में सजाए हैं। बच्चों को बारिश से बचाने के लिए सभी वर्ग के लोग खरीद सकें, इसलिए रेंज 250 से लेकर 700 रुपए तय की है। बैग, पानी बॉटल भी इस रेनकोट में कवर्ड होगा।

### हर वर्ग के लिए सतरंगी छाते

इस बार बड़ों के लिए रेनकोट की 100 से 150 वैरायटीज मिलेंगी, यानी पसंद के लिए ढेरों विकल्प हैं। तेज बरसात के इस बार रेनकोट की जबरदस्त मांग बनी है। आने वाले कुछ दिनों में ही बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना को देखते हुए लोग बचाव का सामान खरीद रहे हैं। ऐसे में इन दिनों रेनकोट व आकर्षक रंगबिरंगे फैंसी छाते भी दुकान वाले सजाने लगे हैं। इनमें महिलाओं के लिए रंगबिरंगे छाते खास हैं। इसे लोग बचाव के लिए खरीदना भी रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### अंतर्राज्यीय तस्कर से 60 हजार का गांजा बरामद

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 हजार रुपए कीमत का साढ़े पांच किलो के करीब गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, मध्यप्रदेश ग्वालियर निवासी अंकुर अग्रवाल को गांजा तस्करी के आरोप में पकड़ा गया है। पुलिस ने शहीद स्मारक भवन के पास अंकुर के कब्जे से गांजा जब्त किया।

### युवती को गाली देने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक युवक ने एक ऑटो चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सत्येंद्र कुमार चौधरी ने भुजो दीप के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सत्येंद्र ने पुलिस को बताया कि भुजो पेशे से ऑटो चालक है। उसने रांग साइड ऑटो चलाते हुए एक युवती की दोपहिया से सटाकर अपना ऑटो खड़ा कर दिया। युवती के विरोध करने पर ऑटो चालक उससे बदसलूकी करने लगा। सत्येंद्र ने विरोध किया तो ऑटो चालक ने सत्येंद्र के साथ मारपीट की।

### सूने मकान में धावा दो लाख के जेवर पार

**रायपुर।** आरंग थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उमा साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उमा ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह तथा उसका पति ड्यूटी पर चले गए। शाम 5 बजे घर वापस आने पर उमा ने देखा कि अज्ञात चोर उसके लोहे के गेट का ताला तोड़ घर की दो आलमारियों को खोलकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया है।

# वन्यजीव अब खुली हवा में ले सकेंगे सांस, सीज एनिमल को छोड़ने का आदेश

## राज्य के इतिहास में पहली बार जब्त चार मॉनिटर लिजर्ड को छोड़ने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

एशिया का तथा राज्य के सबसे बड़े मानव निर्मित जंगल सफारी जू के साथ वन्यजीवों का रेस्क्यू सेंटर भी है। सफारी में अलग-अलग वनक्षेत्रों से गंभीर रूप से घायल अथवा लावारिश हालत में मिले वन्यजीवों के शावक को रेस्क्यू कर यहां लाया जाता है। रेस्क्यू किए गए घायल वयस्क वन्यजीवों को उसके उपचार तथा ठीक होने के 30 दिन के भीतर छोड़ने का नियम है। बावजूद इसके अलग-अलग क्षेत्र से रेस्क्यू कर लाए गए ज्यादातर वन्यजीवों को छोड़ा नहीं जाता, इसके कारण वन्यजीव पूरी जिंदगी बंधक की जिंदगी जीने के लिए मजबूर होते हैं। राज्य के इतिहास में यह पहली बार है, जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर के निर्देश पर दो माह पूर्व तस्करों से कब्जे से जब्त किए गए चार मॉनिटर लिजर्ड को उसके उचित रहवास क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

गौरतलब है कि जंगल सफारी में रेस्क्यू कर तथा तस्करों के कब्जे से जब्त किए गए वन्यजीवों को उनके उचित रहवास क्षेत्र में छोड़े जाने के लिए वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी लगातार वन अफसरों को पत्र लिखते आए हैं। मॉनिटर लिजर्ड जब्त होने की जानकारी मिलने के बाद वन्यजीव प्रेमी ने जंगल सफारी के डायरेक्टर को पत्र लिखा था। पत्र को गंभीरता से लेते हुए जंगल सफारी के डायरेक्टर ने मॉनिटर लिजर्ड को छोड़ने के लिए 24 जुलाई को पत्र लिखा है। वन विभाग की टीम ने 30 जून को मॉनिटर लिजर्ड जब्त किया था।

### जब्ती तथा रेस्क्यू किए गए दो सौ एनिमल बंधक

गौरतलब है कि जंगल सफारी में वर्तमान में आठ सौ के करीब वन्यजीव रह रहे हैं। उनमें से 25 प्रतिशत एनिमल रेस्क्यू या जब्ती कर लाए गए हैं। इनमें तेंदुआ, भालू से लेकर अलग-अलग प्रजाति के पक्षी तथा बंदर शामिल हैं। दो सौ में से ज्यादातर एनिमल पूरी स्वस्थ्य हैं, जिन्हें जंगल में छोड़ा जाना था, लेकिन छोड़े नहीं गए।



### अपने आपको चोटिल कर लेते हैं

वन्यजीवों के जानकारों के मुताबिक वन्यजीवों का विचरण क्षेत्र जंगल में व्यापक रहता है। किसी कारणवश किसी वन्यजीव को रेस्क्यू कर लाया जाता है, तो वह अवसाद से घिर जाता है। ऐसे में वन्यजीव पर्याप्त भोजन हासिल करने के बाद भी अपने रहवास क्षेत्र में जाना पसंद करते हैं। इस स्थिति में वन्चजीव बंधन से मुक्ति पाने लोहे के पिंजरे को अपने नाखून तथा दांत से तोड़ने की कोशिश करते हैं। इस तरह वन्यजीव अपने आपको चोटिल कर लेते हैं।

### वन मुख्यालय ने कहा 30 दिन के भीतर छोड़ें

जानकारी के मुताबिक वन मुख्यालय ने भी मौखिक आदेश जारी कर कहा है कि अब जब भी जंगल से एनिमल रेस्क्यू करने पर स्वास्थ्य ठीक होने की स्थिति में एक सप्ताह के भीतर जंगल में रिलीज करें। साथ ही एनिमल के बीमार या चोटिल होने की स्थिति में उपचार कर उसके ठीक होने के 30 दिन के अंदर एनिमल को उसके रहवास क्षेत्र में छोड़ें।

## एक्सीडेंट के बाद डायल-112 में सबसे ज्यादा प्रसव के लिए कॉल आ रहे

# महिलाओं का प्रसव कराने देवदूत बनी डॉयल-112 सेवा, 17 सौ को मिली मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

डॉयल-112 का काम मूल रूप से सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को मदद पहुंचाने का है। इसके साथ ही विपत्ति में फंसे लोगों तक मदद पहुंचाना है। गर्मी के दिनों में डॉयल-112 के पास जहां आगजनी की शिकायतें ज्यादा आती हैं, वहीं बारिश के दिनों में बाढ़ तथा पानी में घिरे लोग मदद के लिए कॉल करते हैं। सामान्य दिनों की अपेक्षा बारिश के दिनों में डॉयल-112 में शिकायतों की प्रकृति बदल जाती है। जुलाई में डॉयल-112 में रोड एक्सीडेंट के बाद सबसे ज्यादा प्रसूता की मदद के लिए कॉल किए गए हैं।

डॉयल-112 से प्राप्त डेटा के अनुसार जुलाई में रोड एक्सीडेंट में 4 हजार 829 घायलों को मदद पहुंचाई गई है। साथ ही एक हजार 696 प्रसूताओं को अस्पताल पहुंचाकर डॉयल-112 ने उनका सुरक्षित प्रसव कराने का काम किया है। इसके अलावा टीम ने बस्तर के साथ अन्य इलाकों में पानी के तेज बहाव में बह रहे पालतू मवेशियों को बचाने, गड्ढे में गिरे मवेशियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर निकलाने का काम किया, जिसकी संख्या 87 है।

### शहर से लेकर जंगल तक धमक

डॉयल-112 के पास विषम परिस्थिति में फंसे लोग तथा मवेशियों को मदद पहुंचाने कॉल के साथ वन्यजीवों को रेस्क्यू करने संबंधित कॉल आ रहे हैं। वनक्षेत्र से सटे ग्रामीण इलाकों में ऐसे वन्यजीव जो पानी की तलाश में भटकते हुए रहवासी क्षेत्र में प्रवेश कर गए हों और कुंए में या पानी से भरे गड्ढों में गिर गए हों, उसे रेस्क्यू करने के लिए कॉल आए हैं। डॉयल-112 की टीम ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर जुलाई में 273 वन्यजीवों को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ने का काम किया है।



### एक ही परिवार के दूधमुंहा सहित सात को बचाया

ऐसे ही एक अन्य मामले में डॉयल-112 की ईगल-1 टीम में शामिल आरक्षक बसंत दास मानिकपुरी तथा वाहन चालक सुखीराम डोंगरे ने बिलासपुर, रतनपुर स्थित लिम्हा गांव जो बाढ़ के पानी से चारों तरफ से घिर गया था, डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर एक ही परिवार के सात लोगों को, जिसमें एक सात माह का बच्चा भी शामिल था, उन्हें उनके घर से सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकालने का काम किया है।

### मितानिन की मदद से बीच रास्ते में प्रसव



ऐसे ही एक अन्य मामले में 13 जुलाई को डॉयल-112 की टीम में शामिल सदस्यों ने रायगढ़, कापू स्थित पारेमेर गांव की एक महिला का प्रसव कराने कांवर से नाला पार कर रोड तक लाया। प्रसव की वजह से महिला के पेट में तेज दर्द होने पर टीम ने गांव की मितानिनों की मदद से रास्ते में प्रसव कराने के बाद उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने का काम किया।

### युवक को लाने बांस से स्ट्रेचर तैयार किया

रेलवे ट्रैक में करंट से बुरी तरह झुलसे मानसिक रूप से बीमार युवक को लाने के लिए डॉयल-112 की टीम ने मौके पर ही तत्काल बांस का स्ट्रेचर तैयार कर रेलवे ट्रैक के दूसरी ओर लाने का काम किया। घटना धरमजयगढ़, आमापाली की है।



# दस फीसदी विमान यात्री उठा रहे डिजी यात्रा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एयरपोर्ट पर सक्रिय है 13 फेस पॉड

हवाई यात्रा को सहज और परेशानी मुक्त बनाने के लिए लागू की गई डिजी यात्रा का लाभ स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर दस प्रतिशत यात्री उठा रहे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां कुल 13 फेस पॉड लगाए गए हैं, जिसके माध्यम से लोगों की यात्रा को सरल बनाया जा रहा है।

रायपुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर डॉ. एसडी शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के नागरिक उड्यन मंत्रालय की पहल पर इस योजना की शुरुआत की गई है। हवाई यात्रा को आरामदायक बनाने के उद्देश्य से पहचान, यात्रा अथवा किसी अन्य डेटा को डिजिटल रूप से मान्य करने के लिए फेस बायोमेट्रिक्स के सिंगल टोकन का उपयोग करता है। इस प्रक्रिया के दो भाग होते हैं, जिसमें एप के माध्यम से एक बार नामाकंन और अपनी यात्रा के दौरान क्रेंडेशियल साझा करना है। रायपुर विमानतल पर डिजी यात्रा सुविधा की शुरुआत 25 जून से प्रारंभ की गई है। इस सिस्टम में टर्मिनल भवन के एंट्री गेट पर तीन ई-गेट, सेक्योरिटी होल्ड एरिया पर दो ई-गेट तथा बोर्डिंग गेट पर आठ फेस पॉड लगाए गए हैं। इस योजना के बारे में सभी संबंधित एजेंसियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।



### सेंट्रल लॉक तोड़कर 50 हजार की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, चंगोराभाठा निवासी मनीषा कढारे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मनीषा ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके घर के मेनगेट का सेंट्रल लॉक तथा बाहर लगे लोहे के गेट का ताला तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश किया और नकदी एक हजार रुपए सहित 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया।

## बिजनेस साइट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया भारतीय अंगदान दिवस



**रायपुर।** भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रायपुर आंचलिक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बैंक के स्टाफ ने मृत्यु के बाद अपने अंगदान करने की शपथ ली। शपथ हिंदी में राजेश कुमार सिंह और अंग्रेजी में रेखा आर. नायर द्वारा दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान अंगदान के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विजेता को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस पहल के माध्यम से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रायपुर आंचलिक कार्यालय के स्टाफ ने अंगदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और दूसरों को भी इस नेक कार्य को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### शपथ ग्रहण समारोह 'संकल्पम' में लायंस क्लब के सदस्य सम्मानित



**रायपुर।** डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के कैबिनेट शपथ ग्रहण समारोह 'संकल्पम' ने स्थानीय लायंस क्लब के सदस्यों के लिए एक ऐतिहासिक दिन का आगाज किया। इस कार्यक्रम में नए कैबिनेट के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई, साथ ही विशेष पुरस्कारों और सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक लायंस क्लब के सीएसआर रीजनल प्रमुख और पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायन तिलोकचंद बरड़िया द्वारा पीआईडी लायन प्रवीन छाजेड़ को 'गोल्ड पिन' से सम्मानित किया जाना था। यह सम्मान लायंस क्लब के उत्कृष्ट कार्य और सेवा को मान्यता प्रदान करता है।

### रावतपुरा में 'बोन एंड ज्वाइंट दिवस' का आयोजन

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में शनिवार 'बोन एंड ज्वाइंट दिवस' धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आर्थोपेडिक्स, इमरजेंसी मेडिसिन और सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया। इसे अतुल कुमार तिवारी, डॉ. कुंदन इ. गेडाम तथा डॉ. प्रीति कुंडू के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसआरआईएमएसआर के लेक्चर हॉल में हुआ, जिसमें डॉ. कुंदन इ. गेडाम, मुख्य अतिथि डॉ. आलोक अग्रवाल, डॉ. अतिन कुंडू और डॉ. एके श्रीवास्तव ने भाग लिया। साथ ही एसआरआईएमएसआर के सभी विभागाध्यक्ष, मेडिकल ऑफिसर, तकनीशियन, स्टाफ नर्स और अन्य स्टाफ भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### रायपुर में खुला प्रदेश का पहला विशिष्ट ऑर्थोपेडिक अस्पताल

**रायपुर।** मध्यभारत के प्रदेश एवं रायपुर शहर में एक नई अवधारणा के साथ पहला और एकमात्र विशिष्ट हड्डियों एवं जोड़ रोगों का ऑर्थोपेडिक अस्पताल स्थापित किया गया है। यह 'बेस्ट ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल' प्रदेश और शहर के नागरिकों के लिए एक अनोखी सौगात पेश करता है, जिसमें आधुनिक संसाधनों के साथ हड्डियों और जोड़ रोगों के उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब शहरवासियों को अहमदाबाद, हैदराबाद, मुंबई या नागपुर जैसे महानगरों में जाकर इलाज कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इस अस्पताल में 10 से अधिक हड्डीरोग विशेषज्ञ एक ही छत के नीचे सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यहां वीआईपी सूट रूम, सुपर डीलक्स रूम और प्राइवेट वार्ड के साथ-साथ अत्याधुनिक फिजियोथैरेपी, रिहैबिलिटेशन और योग की सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। सड़क और औद्योगिक दुर्घटनाओं के लिए एक विशेषज्ञ टीम 24 घंटे उपलब्ध रहती है तथा गंभीर मरीजों के लिए 15 बिस्तरों वाला आईसीयू भी सुसज्जित है।




### आरके ग्रुप ब्रांडेड सेल के 12 घंटे की महासेल सिर्फ आज

**रायपुर।** आरके ग्रुप ब्रांडेड सेल द्वारा महासेल का आयोजन होटल बेबीलॉन कैपिटल, वीआईपी चौक, ओसवाल पेट्रोल पंप के पीछे किया जा रहा है। इस बिक्री के दौरान ब्रांडेड गारमेंट्स, फुटवियर और होम डेकोर पर 90% तक की छूट मिलेगी। सेल सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक है। इस सेल में पुरुषों के लिए जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, कुर्ता, शेरवानी, कोट, ब्लेजर और महिलाओं के लिए टॉप, कुर्ती, प्लाजो, जींस, शर्ट, टी-शर्ट, शॉर्ट्स एवं बच्चों के लिए जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्रॉक आदि उपलब्ध हैं। इसके अलावा ब्रांडेड फुटवियर, होम डेकोर की भी उपलब्ध हैं।

बिरगांव निगम ने ट्रांसपोर्ट नगर के लिए की प्लानिंग तो बिफरे गाड़ी मालिक

# निगम ने बनाई ट्रांसपोर्टर्स से पार्किंग चार्ज लेने की सहमति तो विरोध की सुगबुगाहट हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रावांभाठा में आरडीए ने ट्रांसपोर्ट नगर बसाने के बाद उसे बिरगांव निगम को हैंडओवर कर दिया है। इसे देखते हुए निगम के जिम्मेदारों ने वहां फैली अव्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सामान्य सभा में नए प्रस्ताव को सहमति दी है। इसका पता चलते ही ट्रांसपोर्टर्स आपस में एकजुट होने के बाद अब विरोध की तैयारी में हैं। इसके लिए बैठक करने के बाद सोमवार को निगम आयुक्त व महापौर के पास आपत्ति दर्ज कराने के लिए सुगबुगाहट भी तेज हो गई है।

बिलासपुर नेशनल हाईवे से सटे रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की जिम्मेदारी रायपुर विकास प्राधिकरण ने निभाने के बाद वहां व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी बिरगांव निगम को दी है। ट्रांसपोर्ट नगर में 6 जगह बड़े व दो छोटे पार्किंग स्पेस होने के बाद भी भारी वाहन जहां-तहां पार्किंग होने से अव्यवस्था का आलम है। इसे देखते हुए निगम द्वारा सामान्य सभा में लाए गए पार्किंग चार्ज लेने के प्रस्ताव को वार्ड प्रतिनिधियों ने सहमति दी है। इस शुल्क को अभी लागू भी नहीं किया गया है, इसके पहले ही गाड़ी मालिक ही नहीं, वहां मौजूद करीब पांच संगठनों ने आपस में मीटिंग करने के बाद पार्किंग चार्ज का विरोध करने का फैसला किया है। आटोमोबाइल से जुड़े नीरज दुबे ने बताया कि सोमवार को प्रतिनिधिमंडल निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय एवं महापौर नंदलाल देवांगन से मिलकर इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग करेगा।



| गाड़ी | 24 घंटे का पार्किंग चार्ज |
|---|---|
| ट्रेक्टर-मेटाडोर | 150 |
| ट्रक 6 चक्का | 200 |
| ट्रक 10-12 चक्का | 250 |
| ट्रक 20 चक्का ट्राला | 300 |

### इस वजह से प्रस्ताव को मंजूरी

निगम सूत्रों ने बताया कि बिरगांव निगम ने पार्किंग ठेका तय करने से पहले तीन महीने खुद पार्किंग को चलाने की सहमति दी है। इससे होने वाली आय से पार्किंग में जरूरी सुविधा की जाएगी। इसके बाद टेंडर के माध्यम से इसका संचालन किसी एजेंसी से करवाया जाएगा। वहां से होने वाली आय को ट्रांसपोर्ट नगर में जरूरी काम करवाने पर ही खर्च किया जाएगा। इस मुद्दे के हर पहलू पर चर्चा के बाद सामान्य सभा में सहमति दी गई है, ताकि ट्रांसपोर्ट नगर में सफाई, बिजली, पानी, सुरक्षा सहित जरूरी काम को दुरूस्त करवाया जा सके।

### सहयोग से बनेगी व्यवस्था

अगर ट्रांसपोर्टर्स या संगठनों को पार्किंग शुल्क को लेकर आपत्ति है, तो वे आएं हम चर्चा के लिए तैयार हैं। वहां जिस तरह अव्यवस्था फैली हुई है। उसे दुरूस्त करने के लिए ही पार्किंग ठेका का प्रावधान किया है। व्यापारियों के सहयोग से ही व्यवस्था बनाई की जाएगी।

*- बृजेश सिंह क्षत्रिय, आयुक्त नगर निगम, बिरगांव*

### दहलीज से लेकर किचन...

गंदा पानी ओवरफ्लो होकर गलियों से होते हुए घरों में घंटों भरा रहा। पानी बाहर निकालने निगम की टीम स्पॉट पर पहुंची और मोटर पंप से घरों में भरे पानी को निकालने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। प्रभावित इलाकों में भूखे प्यासे लोगों को दोपहर बाद खाना नसीब हुआ। जब निगम की ओर से लंच पैकेट उपलब्ध कराये गये। भैरवनगर, जोगी नगर, गोकुलनगर की 4 गलियां लबालब, मोटर पंप से खींचते रहे पानी : शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड के भैरवनगर खदान बस्ती, जोगी नगर, गोकुलनगर के गली नंब 5, 6, 7, 8 में निकास नाली की व्यवस्था नहीं होने और कच्ची सड़क के कारण गलियों से लेकर घरों तक गंदा पानी घंटों भरा रहा। भुक्तभोगियों ने जलभराव की शिकायत वार्ड पार्षद और जोन 6 अमले से की। जोन स्तर पर मोटर पंप की व्यवस्था कर गंदे पानी को निकालने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। जेसीबी मशीन से मिट्टी निकालकर गंदे पानी की निकासी की अस्थायी व्यवस्था की गई।

### प्रोफेसर कालोनी, शीतला...

पार्षद मन्नू -विजेता यादव और जोन 5 में जलभराव से बचाव के लिए मदद मांगी। निगम के कंट्रोल रूम से जोन 5 कमिश्नर विमल शर्मा की टीम को राहत के लिए भेजा गया। बारिश के बीच टीम ने मोटर पंप लगाकर लोगों के घरों में भरे गंदे पानी को बाहर निकाला। भुक्तभोगियों का कहना है, नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों से लेकर गलियों में भर जाता है। इसकी निकासी का समुचित इंतजाम निगम अब तक नहीं कर पाया।

### नर्सों के बिना...

में की थी। शिकायत के आधार पर थाने की ओर से जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पत्र प्रेषित किया गया था। सीएमएचओ ने अपनी जांच रिपोर्ट के साथ अन्य जानकारी थाने को प्रेषित की थी। जांच में पाया गया था कि संतोष की पत्नी सोनी साहू को एक जुलाई को जब प्रसव के लिए अस्पताल लाया गया था, तो पैर और चेहरे में सूजन होने के बाद भी संबंधित डाक्टर ने उसकी आवश्यक जांच नहीं कराई। इसके अलावा संस्था में उस दौरान मौजूद किसी भी नर्सिंग स्टाफ से डिलीवरी के दौरान सहयोग नहीं लिया गया

## पेज 11 के शेष ...

था। परिणाम यह हुआ कि नवजात की मौत हो गई। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एनएचएम (संविदा) चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम को बर्खास्त कर दिया गया था। मामले में उरला थाने ने डाक्टर को दोषी पाते हुए उसके खिलाफ धारा 106 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। **प्रभारी हुए थे निलंबित :** इस मामले में उरला पीएचसी के प्रभारी डॉ. सुनील साहू को भी स्वास्थ्य विभाग ने दोषी माना था। उसे प्रकरण में निलंबित कर दिया गया था। उस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए आने वाली महिला के परिजनों से रिश्वत लेने का मामला भी सामने आया था। हेल्थ सेंटर में होने वाली इस बड़ी गड़बड़ी के लिए संबंधित नर्स माधुरी वर्मा को भी बर्खास्त किया गया था।

### दिसंबर तक राजधानी में...

सिटी की तर्ज पर राजधानी में सार्वजनिक परिवहन ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा पीएम ई बस योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत देश के विभिन्न राज्यों के शहरों के लिए जनसंख्या के आधार पर बसों की संख्या निर्धारित की गई है। रायपुर के लिए 100 मिडी ई बस, दुर्ग भिलाई के लिए 50 मिडी ई बस और बिलासपुर शहर के लिए 35 मिडी तथा 15 मिनी बस की स्वीकृति मिली है। लोगों को किफायती और सुगम परिवहन की सुविधा देने रायपुर शहर को दिसंबर तक 40 ई बस की पहली खेप मिलेगी। बाकी की 60 बसें दूसरी खेप में मिलना तय है। **कम कार्बन उत्सर्जन और वायु गुणवत्ता में होगा सुधार :** प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, ई बस सेवा से राजधानी में कार्बन उत्सर्जन में जहां कमी आएगी, वहीं वायु गुणवत्ता में सुधार के साथ पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। बसों के संचालन और संधारण का काम केन्द्र से चयनित कंपनी करेगी। रायपुर नगर निगम को इसके लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हरिभूमि को बताया, ई बसों के लिए पंडरी के पुराने बसस्टैंड और आमानाका में 2 नए सिटी बस डिपो बनाये जा रहे हैं। ई बसों के शुरू होने से शहरवासियों को आने वाले दिनों में अपने गंतव्य तक आने-जाने के लिए किफायती दर पर सुगम परिवहन की सुविधा मिलने लगेगी।

### 16 चिन्हांकित रूट...

हीरापुर नंदनवन। ■ रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, मैग्नेटो मॉल, एमएम फन सिटी, भानसोज। ■ रायपुर एम्स हास्पिटल से आमानाका, जयस्तंभ चौक, तेलीबांधा, सेरीखेड़ी, आरंग। ■रेलवे स्टेशन से शास्त्री चौक, आमापारा, कुम्हारी होते अहिवारा। ■रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, माना बस्ती, चंपारण। ■ रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक पचपेड़ी नाका, अभनपुर। ■ रेलवे स्टेशन से तेलीबांधा, मंदिर हसौद, कुरुद, चंदखुरी। ■रेलवे स्टेशन से जेलरोड, घड़ी चौक, गौरवपथ, नेशनल हाईवे 6, जोरा इंटरचेंज नया रायपुर मंत्रालय। ■ मंत्रालय डीकेएस भवन गेट नंबर 4 जेलरोड, घड़ी चौक, गौरवपथ, नेशनल हाईवे 6 जीरो इंटरचेंज नया रायपुर मंत्रालय। ■ कबीरनगर, हीरापुर चौक, पचपेड़ीनाका, एनएच 43, डूमरतराई, नया रायपुर, मंत्रालय। ■ टाटीबंध चौक से डीडीनगर, संतोषीनगर, सेरीखेड़ी, जोरा, इंटरचेंज नया रायपुर मंत्रालय। ■एनएच 43 से नया रायपुर रोड नंबर 2, क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर।

### रायपुर से अभनपुर...

काम लगभग पूरा है। ऐसे में रेलवे इस रूट में ट्रेन चलाने की तैयारी में है, ताकि यात्रियों को रायपुर से अभनपुर जाने ट्रेन की सुविधा मिल सके। जानकारी के मुताबिक रेलवे ने पहले मुक्तांगन, उद्योग भवन समेत अन्य स्टेशन का काम पूरा होने के बाद ट्रेन का परिचालन शुरू करने का मन बनाया था, लेकिन इन स्टेशनों को तैयार होने में अभी सालभर से अधिक का समय लग सकता है। इसीलिए रेलवे अब सीबीडी, केंद्री और अभनपुर तक ट्रेन चलाने की तैयारी में लगा हुआ है। पटरियों की जांच हो चुकी है। रेलवे बोर्ड से मंजूरी के बाद 15 अगस्त को परिचालन शुरू करने की तैयारी है।

### केंद्री में खड़ी हुई...

सकता है। महानगर के लिए स्पेशल ट्रेन को लेकर प्रस्ताव मंडल और जोन से रेलवे बोर्ड को दिया गया है। अब 15 अगस्त को ही स्पष्ट होगा कि रेलवे किस रूट के लिए नए ट्रेन की सुविधा देता है। पिछले साल रेलवे ने रायपुर से ताड़ोकी के बीच स्वतंत्रता दिवस को ट्रेन शुरू की थी।

## खबर संक्षेप

### कन्या कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह कल

रायपुर। कचहरी चौक स्थित श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में 5 अगस्त को दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम कॉलेज परिसर में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता घई ने देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासी निकाय के अध्यक्ष अजय तिवारी करेंगे। कार्यक्रम में कॉलेज स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

### डॉ. अवस्थी को पीएचडी



रायपुर। डॉ सीवी रमन विवि करगीरोड कोटा बिलासपुर ने रायगढ़ के दयानंद अवस्थी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय 'छत्तीसगढ़ के अति संवेदनशील जनजाति (पीवीटीजी) बिरहोर पर शासकीय योजनाओं के प्रभाव का मानव वैज्ञानिक अध्ययन' था। उन्होंने अपना शोधकार्य सीवी रामन विवि के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपम तिवारी के मार्गदर्शन में पूरा किया। उनकी इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. आरपी दुबे ने बधाई दी है।

### आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान 27 को



रायपुर। छत्तीसगढ़ की इस्पात नगरी भिलाई-रायपुर में वर्ष 2013 से प्रतिवर्ष "आशा इक़बाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान" निरंतर प्रदान किया जा रहा है। आशा इक़बाल महिला पत्रकार सम्मान से अब तक 25 चुनिंदा महिला पत्रकारों को सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष-2024 में सम्मान का यह 12वां वर्ष है और आशा इकलाल महिला पत्रकार सम्मान 2024 में 9 चुनिंदा महिला पत्रकार सम्मानित होंगी। इस वर्ष से सम्मान को छत्तीसगढ़ से आगे बढाकर अंतर्राज्यीय स्वरूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में भिलाई में 27 अगस्त को कार्यक्रम होगा। सम्मानित होने वाली महिला पत्रकारों में राजश्री राव यादव, सेमिम सुल्ताना अहमद, किरण दिनेश जैन, मंजुला पटनायक, बिजयालक्ष्मी महाकुंड, मालिनी सुब्रमण्यम, ममता लांजेवार, सिमरन पन्गरे, डॉ. रत्ना पांडेय शामिल हैं।

# हाईवा संघ ने जुर्माना राशि कम करने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खदानों से रेत परिवहन करने के मामले में गाड़ी मालिकों पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार को हाईवा गाड़ियों के मालिकों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

■ मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

धमतरी जिले में खदानों से रेत की लोडिंग कर परिवहन करने वाले हाईवा गाड़ी मालिक के विरुद्ध खनिज विभाग कार्रवाई करते हुए प्रति हाईवा मालिक पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद प्रदेशभर के हाईवा संघ विरोध में उतर आए है। संघ के पदाधिकारियों के नेतृत्व में सदस्यों ने राजधानी रायपुर के बूढ़ातालाब के पास एकत्र हुए और यहां धरना देने के बाद आधे कपड़े उतारकर रैली निकालकर प्रदर्शन किया। हालांकि रैली को पुलिस बल द्वारा स्पोर्ट्स मैदान के सामने ही रोक लिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने यहां भी करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।



## अवैध खदान व भंडारण करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो

इधर संघ के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि हमारी मांग है कि कार्रवाई पूर्व की तरह दंड लगाया जाए, स्वीकृत रेत खदानों पर सरकारी दर से ही लोडिंग की व्यवस्था एवं प्रति ट्रीप में रॉयल्टी लिया जाए, रेत परिवहन के दौरान हाईवा पकड़े जाने पर हाईवा मालिक के बयान को आधार बनाकर अवैध खदान व अवैध भंडारण करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा महासमुंद जिला में ट्रांसपोर्टरों पर किया गया एफआईआर को वापस लिया जाए।

# केटीयू के कुलपति प्रो. शर्मा को फ्रेंड्स ऑफ पब्लिशर्स अवार्ड



रायपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और कॉर्पोरेट अफेयर्स राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा को फ्रेंड्स ऑफ पब्लिशर्स अवार्ड प्रदान किया।

यह सम्मान उन्हें फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स के नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मेलन में दिया गया। इस समारोह में बड़ी संख्या में देशभर से अंग्रेजी, हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के प्रमुख प्रकाशक शामिल हुए। सम्मेलन में कई सत्रों में पुस्तक प्रकाशन से जुड़े कॉपीराइट, रॉयल्टी, पठन संस्कृति का विकास, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पायरेसी सहित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

उल्लेखनीय है कि प्रो. शर्मा द्वारा नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया के अध्यक्ष रहते पुस्तक प्रकाशन और पुस्तक संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। प्रो. शर्मा को फ्रेंड्स ऑफ पब्लिशर्स अवार्ड से सम्मानित होने पर देश के पत्रकारिता और शिक्षा से जुड़े लोगों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



# चौबीस घंटे में सात सेंटीमीटर झमाझम बारिश से शहर सराबोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ तापमान चार डिग्री नीचे उतरा, मौसम में ठंडकता

मध्यप्रदेश की ओर जाने से पहले बना सिस्टम जमकर बरसा। शहर में शुक्रवार रात ढाई बजे के बाद शुरू हुआ बरसात का दौर शनिवार को दोपहर दो बजे तक लगातार जारी रहा। इस दौरान हुई सात सेमी. की झमाझम बारिश से शहर सराबोर हो गया और तापमान में चार डिग्री की गिरावट आने से मौसम में ठंडकता आ गई।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार एक अबदाब का क्षेत्र जो झारखंड के ऊपर स्थित है, वह आगे बढ़कर यूपी, बिहार और मध्यप्रदेश की ओर रवाना हो चुका है। प्रदेश के ऊपर से इसका विदाई के दौरान कई इलाकों में जमकर बारिश हुई। शहर में शुक्रवार को दिनभर बूंदाबांदी का माहौल बना रहा। इसके बाद रात होते ही मौसम का मिजाज बिगड़ा और जोरों की बरसात शुरू हो गई। रात की सुबह फिर दोपहर हो गई मगर बारिश ने थमने का नाम नहीं लिया। दोपहर ढाई बजे के बाद इससे राहत मिली। माना जा रहा है कि अगले चौबीस घंटे में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर रह सकता है इसके बाद ब्रेक लगने की संभावना है। मौसम वेधशाला के अनुसार लालपुर में 69.7 मिमी. बारिश दर्ज की गई। बादलों का असर शनिवार को अन्य प्रमुख शहरों में भी नजर आया। पिछले चौबीस घंटे में शंकरगढ़ में 21 सेमी., कुसमी में 18, राजपुर में 16, ओडगी 13, रामानुजगंज, प्रतापपुर, सामरी, चांदो में 12 सेमी., रघुनाथ नगर में 11 सेमी., भानुप्रतापपुर, बलरामपुर, वाड्रफनगर, डौरा, कोचली में 10 सेमी. तक बारिश दर्ज की गई।

### कई स्कूलों में छुट्टी

सुबह के वक्त शहर में काफी जोरों की बारिश हो रही थी। इसका प्रभाव इतना अधिक था कि सड़कों पर आवाजाही मुश्किल हो गई थी। जगह-जगह भरे पानी से मुश्किल दोगुनी होने लगी थी। मौसम का मिजाज देखते हुए सुबह की पाली में लगने वाले कई स्कूलों में छुट्टी दे दी गई थी वहीं कई स्कूलों में नियमित कक्षाएं लगाए जहां बच्चों की उपस्थिति काफी कम संख्या में थी।

# हरेली तिहार पर पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का संदेश



रायपुर। एक पौधा मां के नाम अभियान कार्यक्रम के तहत ग्रीन आर्मी के साथ मिलकर विभिन्न समाज एवं संगठनों ने पौधारोपण किया। साथ ही हरेली तिहार पर्व पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हरेली तिहार के अवसर पर सेन समाज के पदाधिकारियों ने भाठागांव में पौधारोपण कर अपने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को याद करते हुए उनके बताए हुए पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस पुनीत कार्य में कासु, प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, मोहन वल्र्यानी, गुरदीप सिंह, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, नारायण प्रसाद सेन, मोंगरा देवी, सुशील कौशिक, मानिकपुरी समाज व चिकित्सा प्रकोष्ठ से डॉ. के. दास, दिलीप सेन, साहू समाज से कुंती साहू, इंद्राणी ठाकुर, उमा, महक, उमेश्वरी साहू, ईश्वर सेन, रायपुर जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर सभी ने मिलकर लगभग 21 औषधीय, छायादार तथा फलदार पौधे रोपे।



जय गुरूदेव
सोलहवीं पुण्यतिथि
परिवार जिसका मंदिर था
स्नेह जिसकी शक्ति थी
परिश्रम जिसका कर्तव्य था
परमार्थ जिसकी भक्ति थी।
ऐसी आत्मा को ईश्वर
शांति प्रदान करें!
आपकी सोलहवी पुण्यतिथि पर कोटिः कोटिः नमन्...
स्व. डॉ.बी.आर.बंजारे देवपुरी
सतनामी समाज के प्रथम एम.बी.बी.एस. डॉक्टर
जन्म - 16.03.1939
स्वर्गवास - 04.08.2008
श्रीमती आशा बंजारे (पत्नि)
श्री रविन्द्र बंजारे - शीला बंजारे,
एस.- एस. बंजारे (पुत्र - पुत्र वधु)
डॉ. सुषमा - डॉ. राजेन्द्र महेश्वरी,
डॉ. रश्मि - डॉ. कमल डाहिरे (पुत्री - दामाद)
निकिता, लोही, राशि, तनु (पौत्री),
निखिल, सोनू, अंश (पौत्र) एवं समस्त बंजारे परिवार
प्रो. रविन्द्र बंजारे विशाल ट्रेडिंग- इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर, होम एप्लाईन्सेस, इलेक्ट्रिकल सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध
यूनियन बैंक बिल्डींग के नीचे, धमतरी रोड देवपुरी रायपुर छ.ग. 9301498555, 9425214363, 7805917537

Education Time
MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 0771-4000123, 9425214413, 9329621221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) 0771-4913336, 9425214413, 9329621221 Email:- rpsraipur123@gmail.com


# 199 विद्यालयों के शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



रायपुर। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी छग समग्र शिक्षा के अंतर्गत डीजी दुनिया और आईसीटी योजना के तहत पुरानी बस्ती स्थित शासकीय बालिका पूर्व माध्यमिक शाला में 3 से 24 अगस्त तक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सेंटर में आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 24 अगस्त तक साप्ताहिक, प्रत्येक शनिवार को दिया जा रहा है, जिसमें डिजिटल क्लास संचालित कराए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। ओपीएमएस पोर्टल से लैब की जानकारी व इनका उपयोग-डिजिटल क्लास संचालन की एंट्री करना, प्रोजेक्टर से लर्निंग मटेरियल एलएमएस के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से डिजिटल क्लास का उपयोग करना, टीचर्स शिक्षक आईडी का निर्माण करना, ऐसे अनेकों विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण का मास्टर ट्रेनर अंकिता किरवई (डिजी मित्र) के साथ जिला समन्वयक ढाकेंद्र कुमार एवं प्रधानपाठक वृंदा पंचभाई की उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण में कौशल जानकारी के लिए प्री-असेसमेंट एवं पोस्ट-असेसमेंट परीक्षा भी ऑनलाइन ली गई। यह प्रशिक्षण रायपुर जिले के 10 विद्यालयों में संचालित किया गया है, जिसमें जिले के अंतर्गत 199 विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें ब्लैक बोर्ड और की-बोर्ड दोनों का उपयोग करके शिक्षण और प्रशिक्षण को प्रभावी बनाना बताया गया, जिससे शिक्षक विद्यालयों में इसका उपयोग कर सकें।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 29.07.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल आजम खान पिता / पति अब्दुल अकबर खान निवासी बैजनाथ पारा रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मण्डल- 10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 379/10 रकबा 0.0470 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब /अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 19/07/2024 के परिपालन मे दिनांक 13/08/2024 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है ।

अतः उक्त सीमांकन मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 74 के डुमरतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर -10

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**

**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 29/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अब्दुल अकबर खान पिता/पति अब्दुल हाफिज खान निवासी बैजनाथ पारा रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74, राजस्व निरीक्षक मण्डल 10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर रकबा 379/9 रकबा 0.0470 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 19/07/2024 के परिपालन में दिनांक 13/08/2024 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि मे पटवारी हल्का नम्बर 74 के डुमरतराई मे स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

Trust of 44 Years
बलदेव फर्नीचर
Exclusive Furniture Showroom
मानसून ऑफर स्पेशल डिस्काउंट
झूला New Range Available
फर्नीचर की उत्कृष्ट श्रृंखला
गुरूनानक चौक एवं जनक बाड़ा, रायपुर 0771-4047333, 6262156666

ए-वन मोटर्स
इ- रिक्शॉ एवं इ-कार्गो
रायपुर में पहली बार
25000 से शुरू
200 Km. माइलेज के साथ ई-रिक्शा
देशबंधु प्रेस के सामने, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.) 98271 92369, 90099 77768

CCTV, Biometrics, Fire Safety, Video Conf., Networking & IT Solutions, Vehicle Traking, Fire Detection, Boom Barrier Gate Autom, Audio Conf, Smart Class Set up, Walky Talky, Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
9977115597, 8319076661
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur, 492004
KitchenGalaxyNXModular
मात्र ₹ 75,000/- ₹ 95,000/- ₹ 1,25,000/-

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
ROOM POOL FOOD
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ
प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ
सोफा कमबेड बीन बैग
EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/-
मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
Mattress 30 से 50% लेस
रुई गद्दा 220/- रुई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रुई गद्दा 4x6=600/-
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

# बेरोजगार कम नहीं हुए, पर बढ़ रहा रजिस्ट्रेशन का ग्राफ, नौकरी की टूटी आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरकारी नौकरी की चाहत लिए रोजगार कार्यालय में जिस गति से नया पंजीयन कराने वाले बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है, ठीक उसी गति से नवीनीकरण कराने वालों की संख्या भी घट रही है। रोजगार कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 17 लाख से अधिक है। इनमें ऐसे लाखों बेरोजगार हैं, जिन्होंने 10 से 15 साल पहले पंजीयन कराया था, जो हर बार नौकरी की आस लिए अपना पंजीयन जीवित रखने के लिए नवीनीकरण कराते आ रहे हैं, लेकिन अब इनमें से ज्यादातर बेरोजगारों की नौकरी पाने की आस टूट चुकी है। इसके कारण अब नवीनीकरण कराना ही छोड़ दिए हैं। यही कारण है कि वर्तमान में जिले में पंजीकृत बेरोजगारों की तुलना में महज 28 हजार ने ही अपना नवीनीकरण कराया है, जो कुल पंजीकृत बेरोजगारों का करीब डेढ़ प्रतिशत है।

- रोजगार कार्यालय में नवीनीकरण कराने वाले पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या लगातार घट रही

सरकारी नौकरी पाने के लिए रोजगार कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसे देखते हुए नौकरी का सपना लिए बेरोजगार युवा भी सबसे पहले रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराते हैं, ताकि वेकेंसी निकलने पर उन्हें भी आवेदन करने का अवसर मिल सके। रोजगार कार्यालय में हर साल इसी सपना को साकार करने के लिए बड़ी संख्या में युवा पंजीयन कराते हैं और जिनका पंजीयन हुए तीन साल हो चुके हैं, उन्हें पंजीयन को जीवित रखने के लिए नवीनीकरण कराना पड़ता है।




### प्लेसमेंट के तहत नौकरी दिलाने का प्रयास

ज्यादातर बेरोजगार सरकारी नौकरी की आस लेकर पंजीकरण-नवीनीकरण कराते हैं, लेकिन वीकेंसी नहीं होने के कारण निजी कंपनियों में उन्हें नौकरी दिलाने का प्रयास प्लेसमेंट कैंप के तहत किया जाता है।

- एओ लारी, उप संचालक, रोजगार कार्यालय

### वेकेंसी नहीं, इसलिए दो से तीन बार ही करा रहे नवीनीकरण

छत्तीसगढ़ राज्य में पिछले 10 साल में सरकारी नौकरियों की वीकेंसी नहीं के बराबर निकाली गई है, जिसके कारण रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगार भी ज्यादा से ज्यादा दो से तीन बार ही नवीनीकरण करा रहे हैं। हालांकि नवीनीकरण नहीं कराने वाले बेरोजगारों में ज्यादातर संख्या 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग के लोगों की है।

### पंजीयन एवं नवीनीकरण अब ऑनलाइन

रोजगार कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार पंजीयन के साथ अब नवीनीकरण भी ऑनलाइन हो गया है। कोई भी बेरोजगार अब विभाग के पोर्टल में जाकर नवीनीकरण के लिए भी आवेदन कर सकता है। इस आवेदन के साथ आवेदक अतिरिक्त डिग्री भी अटैच कर सकता है, जिसका सत्यापन भी ऑनलाइन होगा। इस तरह आवेदक को रोजगार कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है।

### 8 माह में 18 हजार से अधिक नए पंजीयन

रोजगार कार्यालय में जनवरी से जुलाई माह की अवधि के दौरान 18 हजार 171 बेरोजगारों ने नया पंजीयन कराया है। इनमें महिला की तुलना में पुरूष बेरोजगारों की संख्या ज्यादा है।

### प्लेसमेंट कैंप के तहत भी नहीं मिल पा रही नौकरी

रोजगार कार्यालय बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के लिए प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जाता है, लेकिन यह कैंप भी बेरोजगारों को नौकरी नहीं दिला पा रहा है। कैंप में शामिल होने वाली कंपनियां योग्यता, अनुभव के आधार पर नौकरी का अवसर देती हैं, लेकिन इसके साथ ही ऐसी भी कई शर्तें शामिल रहती है, जिसका पता बेरोजगारों को कैंप में पहुंचने के बाद पता चलता है। इन शर्तों को सुनने के बाद युवाओं को कैंप से बैरंग लौटना पड़ता है।

## सराफा एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन की टीम को सराहा

**रायपुर।** दुर्ग-भिलाई में 50 लाख का सोना चोरी होने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किए जाने पर सराफा एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन की टीम की सराहना की है। छग सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी और महासचिव प्रकाश गोलछा ने बताया कि दुर्ग-भिलाई स्थित जेबीआर गोल्ड रिफाइनरी के वहां विगत दिनों हुई चोरी की घटना का खुलासा एंट्री क्राइम एवं सायबर यूनिट, दुर्ग एवं थाना सुपेला की टीम ने किया और दुर्ग सराफा एसोसिएशन के सहयोग से आरोपी को पकड़ लिया गया। इस सफलता के लिए छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला तथा उनके दिशा-निर्देश से इस कार्रवाई में लगी पुलिस प्रशासन की टीम को बधाई दी है।

## बीएसपीएस का पोस्टकार्ड अभियान कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश कार्यालय में शनिवार को भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक हुई। जहां उपस्थित सदस्यों ने राष्ट्रपति से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग करते हुए एक पोस्टकार्ड 5 अगस्त को भेजने का निर्णय लिया। इसके लिए प्रदेश, जिला पदाधिकारी और सदस्यों को बैरन बाजार पोस्ट ऑफिस पहुंचना होगा। समय 2 बजे तय किया गया। इसमें सभी पदाधिकारियों को शामिल होना अनिवार्य किया गया है। जिनको पोस्टकार्ड लेना हो, वे प्रदेश कार्यालय पहुंचें या फिर पोस्टकार्ड लिखकर सीधे पोस्ट ऑफिस पहुंचें।

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
University Grant Commission | Association of Indian Universities | CG PURC | All Indian Council of Technical Education | BAR Council of India | Pharmacy Council of India
In Collaboration with
RUSHFORD | INDIANATECH | HENRY HARVIN | SSBM
Admission open 2024-25
Apply Now
+91-91092-44444
+91-91093-33333
City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010
Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996
Industry Integrated with Assured Job
MBA in Banking & Finance
Advanced Specialization Programmes
▶ Artificial Intelligence (AI),
▶ Machine Learning (ML),
▶ Full Stack Development,
▶ Internet of Things (IoT),
▶ Cyber Security,
▶ UI/UX,
▶ Digital Marketing,
▶ Data Science,
▶ Business Analytics,
PHARMACY
D-Pharma | B-Pharma | M-Pharma | Ph.D
LAW
LLB | LLM | BBA-LLB | BA-LLB | Ph.D |
MANAGEMENT
BBA | MBA | EMBA | DBA | PGDBA | Ph.D |
BBA (Industry Integrated) |
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma | B.Sc (Hons) | M.Sc (Fashion, Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA | PGDCA | BCA | MCA | Ph.D |
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib | M.lib | Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma | B.Tech | M.Tech | Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc | B.Sc (Hons) | M.Sc | Ph.D
COMMERCE
B.Com | M.Com | Ph.D |
B.Com (Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma | BA (Hons) | MA | Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANITIES
BSW | MSW | BA | BA (Hons) | MA | Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma | BA (Hons) | B.Sc (Hons) | MA | Ph.D (Yoga/ Naturopathy)

# लगातार रद्द हो रही ट्रेनें, कांग्रेस ने रेलमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ट्रेनों का परिचालन लगातार रद्द होने को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने रेलमंत्री के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने ट्रेनो के परिचालन शुरू करने की मांग की।

- ट्रेनों का परिचालन पिछले चार सालों से ठप



शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री ट्रेनो को पिछले चार सालो से अचानक रद्द करने का सिलसिला चल पड़ा है। वर्तमान मे भी 72 से अधिक ट्रेनो को राजनांदगांव-कलमना रेलखंड के बीच तीसरी लाईन जोड़ने के नाम पर रद्द कर दिया है। 4 से 19 अगस्त के बीच 72 यात्री ट्रेने प्रभावित रहेगी। रेलवे का यह कदम बेहद ही गैर जिम्मेदाराना और दुर्भाग्यपूर्ण है। जब देश का प्रमुख त्यौहार रक्षा बंधन और छत्तीसगढ़ के कई प्रमुख त्यौहार इस माह से शुरू हो रहे ऐसे मे यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाना रेल यात्रियो पर अत्याचार है। रेलवे को मेंटेनेंस के लिये काम की समय सारणी का ऐसा प्रबंध किया जाना चाहिये जिससे यात्री सुविधाएं बाधित न हो। पिछले चार वर्षो से देश की रेल सुविधाएं पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए भी छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधाओ को बाधित किया गया। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि केंद्र सरकार यात्री ट्रेनों को नियमित चालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उधोराम वर्मा, दिनेश ठाकुर, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, दीपा बग्गा , महावीर देवांगन, मनोज राय, सचिन अग्रवाल, कमलेश नथवानी, सुयश शर्मा और मोहसिन खान उपस्थित थे।

हार्दिक आभार
डॉ. ए.सुरेश कुमार
डॉ. मधुप्रिता अग्रवाल व अशोका हॉस्पिटल टीम को
हमें (मिश्रा दम्पत्ति) को विवाह के 15 वर्ष बाद इक्सी (I V F) पद्धति से संतान की प्राप्ति हुई, हम Ashoka Advanced IVF Hospital (पंडरी, मण्डी गेट स्थित, रायपुर) के चिकित्सक व टीम को हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।
धन्यवाद !

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
तिरूपति बालाजी में दर्शन की गारंटी समिति की रहेगी
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 अगस्त 2024
19 सितंबर 2024
14 अक्टूबर 2024
21 दिसंबर 2024
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-118866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सेलगढ़ में ₹499 का SUNDAY धमाका
मैन रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर
ब्रांडेड गर्ल्स टॉप 5 पीस ₹499
5 पीस टॉप की कीमत ₹499
ऑनलाईन स्पेशल फैंसी 3डी प्रिंट सिंगलबेड बेडशीट 7 पीस ₹349
7 पीस बेडशीट की कीमत ₹349
स्पेशल ऑफर ऑनलाईन स्पेशल फैंसी 3डी प्रिंट डबलबेड बेडशीट 5 पीस ₹499
ब्रांडेड मेन्स टीशर्ट 3 पीस ₹499
3 पीस टीशर्ट की कीमत ₹499
फैंसी कुर्तियाँ 3 पीस ₹499
3 पीस कुर्तियों की कीमत ₹499
ऑनलाईन स्पेशल फैंसी 3डी प्रिंट पिलो कव्हर 10 पीस ₹99
10 पीस पीलो कव्हर की कीमत ₹99
*condition apply
ऑफर स्टॉक रहने तक...
सुमीत सेलगढ़ हरिभूमि प्रेस के आगे, पुजारी पार्क के सामने मैन रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर